दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 207 जयपुर, शुक्रवार, 07 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री गहलोत सात अगस्त को कोर्ट में तलब




**जयपुर।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक मानहानि मामले में सीएम अशोक गहलोत को तलब किया। कोर्ट ने 7 अगस्त उन्हें अदालत में उपस्थित रहने के आदेश जारी किए हैं। मानहानि का यह मामला केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दायर किया गया था। गौरतलब है कि सीएम गहलोत ने ट्वीट कर गजेंद्र सिंह शेखावत को संजीवनी घोटाले का आरोपी बताया था। इसके बाद शेखावत ने दिल्ली कोर्ट में उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाकर सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दायर किया था।

### मेटा ने ट्विटर की टक्कर में लॉन्च किया 'थ्रेड्स'




**वाशिंगटन।** मल्टी नेशनल कंपनी मेटा ने ट्विटर को टक्कर में नया एप थ्रेड्स लॉन्च कर दिया है। थ्रेड्स मेटा के फोटो और वीडियो शेयर करने वाले ऐप इंस्टाग्राम का टेक्स्ट शेयर करने वाला एडिशन है। मेटा ने कहा है कि यह नया एप नई और अपडेटेड जानकारी और सार्वजनिक बातचीत के लिए एक नया मंच होगा। थ्रेड्स बुधवार आधी रात के बाद अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान सहित 100 से अधिक देशों में एप्पल और गूगल के एंड्रॉयड एप स्टोर पर उपलब्ध हो गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## राजस्थान पर कांग्रेस के महामंथन में तय हुई विधानसभा चुनाव की रणनीति

# गहलोत के चेहरे पर रिपीट होगा राज... सितंबर में होगा उम्मीदवारों का ऐलान

## ■ जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे निभाने को तैयार सचिन पायलट

- ■ AICC में चार घंटे चली बैठक में हुए अहम फैसले
- ■ राज्य सरकार के खिलाफ बयानबाजी नहीं करने का निर्देश
- ■ इस बार बड़ी संख्या में काटे जा सकते हैं टिकट
- ■ सीएम गहलोत की योजनाओं की फिर हुई तारीफ

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

कांग्रेस राजस्थान विधानसभा का चुनाव मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में और उनकी तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को आधार बना कर लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसके साथ ही नेताओं को कड़ी हिदायत दी गई कि कोई सरकार के खिलाफ किसी प्रकार की कोई बयानबाजी नहीं करेगा। आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरफ से पेपर लीक, भ्रष्टाचार आदि के मुद्दों पर उठाए कदमों से संतुष्टि जताई। संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने अपने बयान में यह बात कही भी। साथ ही, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने टिकटों के वितरण पर पिछले दिनों जो बयान दिया था, उस पर पार्टी ने मुहर लगाई। पार्टी ने कहा कि दो महीने पहले सितंबर तक प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। पार्टी के रुख से साफ लगा कि इस बार बड़ी संख्या में टिकट काटे जा सकते हैं। पार्टी जल्द ही जिताऊ प्रत्याशियों के चयन के लिए छानबीन समिति की घोषणा कर देगी। इसके साथ चुनाव से संबंधित सभी कमेटियों का जल्द गठन कर दिया जाएगा।



इनमें अभियान समिति, प्रचार समिति जैसी कई कमेटियां बनेंगी। इन कमेटियों के गठन के लिए पार्टी की एक बैठक और हो सकती है, जिसमें मुख्यमंत्री गहलोत शामिल हो सकते हैं। चार घंटे चली इस बैठक में सीएम गहलोत जयपुर से वीसी के जरिए जुड़े। प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधायक सचिन पायलट समेत लगभग 30 नेता बैठक में मौजूद रहे।

### अफसरों पर अंकुश... कार्यकर्ताओं की सुनवाई हो: राहुल गांधी

इस महामंथन के बाद संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सीधा संदेश दे दिया कि आज के बाद केवल चुनाव जीतने पर जोर रहेगा कोई बयानबाजी नहीं होगी। सभी नेता एकजुट हो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करेंगे। इसके साथ ही पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी अपने ट्वीट में सरकार की पीठ थपथपा विरोधियों को सीधा संदेश दे दिया था। बैठक में उन्होंने योजनाओं की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही कहा कि अफसरों पर अंकुश लगा कार्यकर्ताओं की ज्यादा सुनवाई पर जोर होना चाहिए।

### खरगे ने दे दिया था ट्वीट में संदेश

आज की बैठक से साफ हो गया कि राजस्थान में अब कुछ नहीं बदलने वाला है। मुख्यमंत्री गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अगुवाई में पार्टी आगे की रणनीति बनाएगी। सचिन पायलट का चैप्टर बंद हो गया। पार्टी अब पूरी तरह से एकजुट दिखने कोशिश करेगी। बैठक से पूर्व ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट कर गहलोत सरकार के कामकाज की जमकर सराहना कर संदेश दे दिया था राजस्थान में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी।



*बैठक के बाद प्रेस से मुखातिब संगठन महासचिव वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी रंधावा और प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा।*

### सचिन पायलट को दी जा सकती है अभियान समिति की जिम्मेदारी

सचिन पायलट राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हुए तो उन्हें फिर अभियान समिति की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। सूत्रों की मानें तो उन्होंने बैठक में पार्टी को भरोसा दिया कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वो उन्हें स्वीकार होगी। बैठक में अधिकांश नेताओं ने गहलोत सरकार के फैसलों और योजनाओं की जमकर तारीफ की। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की भी चर्चा हुई। नेताओं ने कहा की भारत जोड़ो यात्रा से राज्य में सकारात्मक माहौल बना।

### पंजाब पॉलिटिकल कमेटी में रंधावा, हरीश चौधरी

कांग्रेस ने अपनी पंजाब कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इसकी मंजूरी दे दी है। इसमें 31 नेताओं को जगह दी गई है। हरीश चौधरी, अमरेंद्र सिंह राजा वारिंग, प्रताप सिंह बाजवा, अंबिका सोनी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, विजय इंदर सिंगला, गुरकीरत सिंह, तेजिंदर सिंह बिट्टू, सुखपाल सिंह खैरा, राजिंदर कौर भट्टल, चरणजीत सिंह चन्नी और नवजोत सिंह सिद्धू का नाम शामिल है।

## हल्की बारिश में भी जल प्लावन के हालात

*राजधानी में गुरुवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश का दौर चलता रहा। इस दौरान सीवरेज और ड्रैनेज सिस्टम कई जगह फेल नजर आए। इस वजह से कमला नेहरू नगर की पुलिया के साथ ही निचली बस्तियों में पानी का सैलाब उमड़ा, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को वहां से निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं शहर में सुबह से उमस की चिपचिपाहट से परेशान लोगों को बारिश ने मौसम में ठंडक का शुमार कर राहत दी।*

■ पेज 3 भी देखें



फोटो: पंकज शर्मा

### PM मोदी आज प्रदेश को देंगे दूसरी वंदे भारत



**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गोरखपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की दूसरी वंदे भारत जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र और सीएम अशोक गहलोत वर्चुअल माध्यम से समारोह में जुड़ेंगे। जोधपुर में आयोजित समारोह में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत मौजूद रहेंगे। उत्तर-पश्चिम रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 02487, जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) वंदे भारत रेलसेवा जोधपुर से 15.30 बजे रवाना होकर 22.40 बजे साबरमती पहुंचेगी।

### राज्यपाल मिश्र आज उदयपुर में

## राजस्थान-एमपी सीमा पर स्थित जिलों से जुड़ी बैठक में करेंगे शिरकत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को उदयपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे वहां राजस्थान और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से सम्बन्धित संयुक्त बैठक में भाग लेंगे।



बताया जा रहा है कि इस बैठक में राजस्थान से राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी शामिल होंगे। इसके अलावा दोनों राज्यों से करीब एक दर्जन से अधिक जिलों के कलेक्टर, एसपी व संबंधित संभागीय आयुक्त व आईजी भी भाग लेंगे। बैठक में दोनों राज्यों के अफसर एक-दूसरे के सामने सीमा को लेकर अपने विचार प्रकट करेंगे। इसमें मुख्य एजेंडा राजस्थान-मध्यप्रदेश के बीच समन्वय बनाने, दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारी एक-दूसरे के सहयोग से जो भी दोनों राज्यों के लिए बेहतरी हो, वो कदम उठाएंगे। साथ ही, जो मुद्दे अभी दोनों राज्यों के लिए समस्या बने हुए हैं, उनके समाधान को लेकर विचार-विमर्श होगा। बैठक में आईएएस व आईपीएस अपने जिले की समस्याओं का पड़ोसी राज्य की सीमा से जुड़े क्राइम व अन्य जनहित मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### मानहानि मामले में राहुल की रिट पर फैसला आज



**एजेंसी** | अहमदाबाद

गुजरात हाई कोर्ट कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उस याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें उन्होंने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया है।

हाई कोर्ट द्वारा गुरुवार को जारी सूची के अनुसार जस्टिस हेमंत प्रच्छक की अदालत शुक्रवार सुबह 11 बजे फैसला सुनाएगी। अगर दोषसिद्धि पर रोक लगती है तो राहुल की संसद सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। जस्टिस प्रच्छक ने मई में राहुल की याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर कहा था कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंतिम आदेश पारित करेंगे।

### राजस्थान की सियासी गणित

# प्रदेश में वो नौ विधानसभा सीटें, जिन्होंने बदल दिए थे सत्ता के समीकरण

- नौ सीटों में हार-जीत का अंतर रहा था हजार वोटों से कम
- भीलवाड़ा की आसींद सीट पर अंतर रहा था महज 154 वोटों का
- नोटा ने भी बिगाड़ दिए थे वसुंधरा सरकार के समीकरण


**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में प्रदेश की भाजपा के हाथ से खिसकी सत्ता आधा प्रतिशत का खेल था। चुनाव में नौ सीटें ऐसी थीं जहां हार-जीत का अंतर एक हजार वोटों से कम था। इन सीटों को लेकर कांग्रेस और भाजपा के नेता इस बार भी गंभीर हैं। इन सीटों को लेकर एक तरफ जहां प्रत्याशी चयन को लेकर पार्टियां गहन सर्वे करवा रही हैं, वहीं इन सीटों पर नए प्रत्याशियों को उतारने पर भी विचार कर रही है। दोनों ही पार्टियों ने इन सीटों को सी ग्रेड में रखा हुआ है। यानी थोड़ी सी बिगड़ी गणित इन सीटों पर हरवा सकती है। इन सीटों में जैसलमेर की पोकरण सीट भी शामिल है। जहां से अल्पसंख्यक मामलात के मंत्री सालेह मोहम्मद आते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार डॉ. जितेन्द्र सिंह की खेतड़ी सीट भी इसी तरह की निकटतम फाइट की है।

### भीलवाड़ा में सबसे छोटी और बड़ी जीत

प्रदेश में सबसे बड़ी और सबसे छोटी जीत भीलवाड़ा जिले में दर्ज हुई और एक ही पार्टी के प्रत्याशियों को हासिल हुई। सबसे बड़ी जीत भाजपा प्रत्याशी विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने 74,542 मत के अंतर से दर्ज की। वहीं, सबसे छोटी जीत भाजपा के प्रत्याशी जबर सिंह सांखला ने मात्र 154 मतों से प्राप्त की।

इसके अलावा सीकर की फतेहपुर में 860, जैसलमेर की पोकरण सीट 872, सीकर की दातारामगढ़ में 920, बाड़मेर की सिवाना सीट पर 957, झुंझुनूं की खेतड़ी सीट पर 957, पाली की मारवाड़ जंक्शन सीट पर 251 और हनुमानगढ़ की पीलीबंगा सीट पर हार-जीत का अंतर महज 278 वोट का रहा था।




### नोटा की भी नहीं कर सकते अनदेखी

पिछले विधानसभा चुनाव में नोटा ने भी राजे को सत्ता मुक्त करने में अहम भूमिका निभाई थी। नोटा के वोट ने अनेक उम्मीदवारों का गणित बिगाड़ दिया था। 18 जगह नोटा व रद्द हुए वोट मिलाकर जीत-हार के अंतर से अधिक पहुंच गए थे। राजस्थान में सभी जगह मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया, यह आंकड़ा 4,67,785 को छू गया था। 2018 के चुनाव में नोटा कुल वोटों का 1.33 प्रतिशत रहा, जबकि कांग्रेस और भाजपा के बीच मतों का अंतर केवल 0.5 प्रतिशत था। सबसे अधिक 11,002 नोटा वोट कुशलगढ़ विधानसभा सीट पर डाले गए, जबकि सबसे कम 392 नोटा वोट सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में डाले गए। इसे विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के अंदर खाने उठे तूफान का नतीजा माना गया था।

### सबसे बड़ी जीत

शाहपुरा, भीलवाड़ा

कैलाश मेघवाल (भाजपा)- **1,01,451**

महावीर प्रसाद (कांग्रेस)- **26,909**

मत का अंतर - **74,542**

### सबसे छोटी जीत

आसींद, भीलवाड़ा

जबर सिंह सांखला (भाजपा) - **70,249**

मनीष मेवाड़ा (कांग्रेस) - **70,095**

मत का अंतर - **154**

## जरूरी खबर

### मोरपाल गुर्जर के परिजन से मिलीं वसुंधरा राजे



**जयपुर**। पिछले दिनों शम्भुपुरा में आयोजित पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की रैली से लौटते समय बूंदी के खड़ीपुर निवासी मोरपाल गुर्जर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके चलते राजे ने गुरुवार को पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान राजे ने मृतक के तीनों बच्चों (दो बेटियां एवं एक बेटा ) की पढ़ाई व शादी का जिम्मा लिया तथा पुत्र बलराम को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पूर्व सीएम ने दो जनप्रतिनिधियों को परिवार की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी।

### वाणिज्य कर विभाग उपायुक्त के ठिकानों पर छापे

**जयपुर**। आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी टीम ने गुरुवार को वाणिज्य कर विभाग जयपुर के उपायुक्त चौबेलाल मीणा के जयपुर शहर और करौली स्थित तीन ठिकानों पर छापेमारी की। एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि जांच अधिकारी एडि.एसपी ललित शर्मा के नेतृत्व में टीमों ने मीणा के तीन ठिकानों पर छापेमारी है। छापेमारी के दौरान जयपुर में आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों, फ्लैट, म्यूचुअल फंड और इंश्योरेंस में निवेश करने की जानकारी मिली है।

### मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक बने प्रमोद वशिष्ठ



**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के बनने के बाद से संगठन में बदलाव का दौर जारी है। विजय संकल्प टीम के 29 सदस्यों की घोषणा के बाद जोशी ने आईटी, सोशल मीडिया और मीडिया विभाग के पदों पर जिम्मेदारी तय की है। वहीं अध्यक्षीय कार्यालय प्रवास का प्रभार श्रवण सिंह राव को दिया है। इन्हें प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं आईटी विभाग में धनराज सोलंकी को प्रदेश संयोजक और चार सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं। तो सोशल मीडिया विभाग का जिम्मा प्रदेश संयोजक हीरेंद्र कौशिक सहित चार सह संयोजक को दिया गया है। मीडिया विभाग का प्रदेश संयोजक प्रमोद वशिष्ठ को बनाया गया है। पंकज मीणा मेहराज चौधरी और अरविंद व्यास प्रदेश सह संयोजक बनाए गए हैं।

---

**दिल्ली में कांग्रेस की बैठक पर भाजपा हमलावर,** साढ़े चार साल में भी खत्म नहीं हुई कुर्सी की लड़ाई

# चुनावों में फुस्स होगा कांग्रेस की एकजुटता का दावा: राठौड़

■ बयानवीरों पर अब तक कार्रवाई नहीं कर सका आलाकमान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर गुरुवार को दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में हुई कांग्रेस नेताओं की बैठक के बाद भाजपा हमलावर हो गई है।

इस बैठक में कांग्रेस के एकजुटता के संदेश और अन्य विवादों के निपटारे के दावे के बाद भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला है। बैठक को लेकर नेता प्रतिपक्ष



राजेन्द्र सिंह राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने तंज कसा है।

इस बैठक पर राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि 25 सितंबर 2022 को कांग्रेस आलाकमान के भेजे गए दूतों को बेइज्जत कर बैरंग लौटाने वाले कांग्रेस के नेता दिल्ली में बैठक कर एकजुट होने का जो दावा कर रहे हैं, वह आगामी चुनावों में फुस्स होने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान शायद यह भूल गया है कि इनके बयानवीरों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए निकम्मा, नाकारा, गद्दार और कोरोना जैसे शब्दों का प्रयोग किया था, लेकिन तब इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कहां से होगी।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि जो कुर्सी के खेल की लड़ाई साढ़े 4 सालों में भी नहीं सुलझी अब अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव में चल रही सरकार की विदाई के साथ ही खत्म होगी।

### हाईकमान का कहना नहीं मानते नेता: मेघवाल



केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि कांग्रेस में आलाकमान का कोई महत्व नहीं है। जब आलाकमान ने खड़गे और अजय माकन को जयपुर भेजा, तब विधायक मीटिंग के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास पहुंच गए थे। प्रदेश कांग्रेस ने हाईकमान का कहना नहीं माना था। मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस में सब कुछ सही नहीं है।

### बिखरे कुटुंब की वापसी असंभव: पूनियां



सतीश पूनियां ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के बीच लंबे समय से मनमुटाव चला आ रहा है। राजस्थान में दो गुटों की लड़ाई से प्रदेश की जनता को काफी नुकसान हुआ है। पूनियां ने कहा कि जिस तरीके से कांग्रेस में बयानबाजी होती, उससे लगता है कि कांग्रेस के कुनबे को एक रखना आलाकमान के लिए चुनौती है। यह लोग एकता का दावा करते हैं, लेकिन ऐसे बिखरे कुनबे की वापसी असंभव लग रही है।

### सरकार वीडियो कॉन्टेस्ट से कैसे करेगी जनता का भला: सीपी जोशी



**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने राज्य सरकार के जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट योजना पर आपत्ति जताते हुए कहा कि गहलोत सरकार कोई प्रोडक्ट बेचने वाली कंपनी है या जनता द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकार। जब किसी कंपनी के प्रोडक्ट नहीं बिकते, तो वह इस प्रकार की योजना लाती है। आपकी सरकार ने राहत शिविरों में प्रदेश के विकास और राहत का दावा किया, लेकिन वास्तव में प्रदेश की जनता महंगी बिजली, भ्रष्टाचार और झूठे वादों से त्रस्त है। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप अपने सोशल मीडिया हैंडल से लगातार सरप्राइज-सरप्राइज की बात कर रहे थे, परन्तु यह योजना तो खोदा पहाड़ और निकली चुहिया जैसी है।

---

**प्रधानमंत्री का राजस्थान दौरा,** कल शाम 4:15 बजे पहुंचेंगे बीकानेर

# आर्थिक विकास के साथ पर्यटन चिकित्सा क्षेत्र को देंगे सौगात

■ सभा में न्योता देने के लिए भाजपा बांट रही पीले चावल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को बीकानेर आएंगे। वह शाम करीब 4:15 बजे राजस्थान की धरा पर पहुंच जाएंगे। पीएम 24 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें बीकानेर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखेंगे। पीएम लगभग 450 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए जाने वाले इस पुनर्विकास कार्य में शामिल होंगे।

इसी के साथ ही पीएम चुरु-रतनगढ़ रेलमार्ग के दोहरीकरण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। इस दोहरीकरण से चुरु-रतनगढ़ क्षेत्र का सीकर, बीकानेर, रेवाड़ी व अन्य राज्यों के साथ सुगम संपर्क का विस्तार होगा। जिससे पर्यटन के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

### मोदी अमृतसर-जामनगर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का करेंगे लोकार्पण





#### प्रदेश को मिलेगा 30 बेड का ईएसआईसी अस्पताल

वहीं प्रधानमंत्री 30 बिस्तरों वाले नए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल का लोकार्पण करेंगे। इस अस्पताल में 100 बिस्तरों तक के विस्तार की क्षमता होगी। इसके साथ ही पीएम क्षेत्र में बिजली क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, लगभग 10,950 करोड़ रुपए की लागत से हरित ऊर्जा गलियारे के लिए निर्मित अंतर-राज्य ट्रांसमिशन लाइन के चरण-I का लोकार्पण करेंगे। यह हरित ऊर्जा गलियारा लगभग 6 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करेगा और पश्चिमी क्षेत्र में ताप विद्युत उत्पादन और उत्तरी क्षेत्र में जल विद्युत उत्पादन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के ग्रिड संतुलन में मदद करेगा, जिससे उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र के बीच ट्रांसमिशन क्षमता मजबूत होगी। प्रधानमंत्री बीकानेर-भिवाड़ी ट्रांसमिशन लाइन का भी लोकार्पण करेंगे। लगभग 1,340 करोड़ रुपए की लागत से पावर ग्रिड द्वारा विकसित की जाने वाली बीकानेर-भिवाड़ी ट्रांसमिशन लाइन राजस्थान में 8.1 गीगावॉट सौर ऊर्जा के उपयोग में मदद करेगी।

प्रधानमंत्री अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे के छह लेन वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे खंड का लोकार्पण करेंगे। राजस्थान में इस गलियारे की लंबाई 500 किमी से अधिक है, जो हनुमानगढ़ जिले के जाखड़ावाली गांव से जालोर जिले के खेतलावास गांव तक फैली हुई है। इसे लगभग 11,125 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। इस एक्सप्रेस-वे से यात्रा के समय में काफी कमी आएगी और प्रमुख शहरों एवं औद्योगिक गलियारों के बीच परिवहन सुविधा में सुधार होगा।

#### समाज-संगठनों के साथ बैठक

प्रधानमंत्री की सभा के लिए भाजपा के पदाधिकारी पूरी तैयारियों में जुटे हुए हैं। पीएम की सभा में लोगों को न्योता देने के लिए विधायक से लेकर सांसद तक गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर पीले चावल बांट रहे हैं। इसी के चलते नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने गुरुवार को बीकानेर पहुंच अलग-अलग समाज व संगठनों के साथ बैठक की और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में सभा में पहुंचने का न्योता दिया। वहीं वार्ड पार्षद से लेकर बूथ कार्यकर्ता तक को सभा में आमजन को निमंत्रण देने की जिम्मेदारी दी गई है।

---

**मुख्यमंत्री ने किया प्रस्ताव का अनुमोदन**

# पेंशनरों को जनवरी 2023 से मिलेगा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने पांचवें वेतन आयोग के तहत कार्यरत कार्मिकों तथा पेंशनरों को जनवरी 2023 से बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

प्रस्ताव के अनुसार, पांचवें वेतन आयोग तथा राजस्थान सिविल सेवा नियम, 1998 के अन्तर्गत कार्यरत राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते अथवा महंगाई राहत की दर में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। अब ऐसे राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जनवरी, 2023 से 396 प्रतिशत से बढ़ाकर 412 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा महंगाई राहत की दर का भुगतान होगा।

जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी।

# 15 आईपीएस सहित 272 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेशभर में तैनात 15 आईपीएस सहित 272 पुलिसकर्मियों को डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया। इसमें कांस्टेबल से एडीजी स्तर तक अधिकारी शामिल हैं। वहीं 3 कार्मिक एफएसएल से शामिल किए गए हैं। इसमें आईपीएस बीजू जॉर्ज जोसफ, एस सेंगाथिर, राहुल प्रकाश, डॉ. रवि, कावेन्द्र सिंह सागर, शंकर दत्त शर्मा, ऋचा तोमर, राजन दुष्यंत, सुधीर चौधरी, जय यादव, दिगंत आनंद, प्रदीप मोहन शर्मा, श्याम सिंह, विकास शर्मा व बृजेश ज्योति उपाध्याय के नाम शामिल हैं। इनमें से दूसरी बार यह सम्मान पाने वालों में बीजू जॉर्ज जोसफ, राहुल प्रकाश, शंकर दत्त शर्मा, ऋचा तोमर व जय यादव हैं।

---

**मुख्य चुनाव आयुक्त से मिला** भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

# लंबे समय से एक ही जगह डटे अधिकारियों को हटाने की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के चुनाव प्रबंधन टीम के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजस्थान प्रवीण गुप्ता (सीईओ)से मिलकर लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए सरकारी अधिकारियों को तत्काल हटवाए जाने की मांग की।



उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों को लेकर ऐसा किया जाना जरूरी है, जिससे कि चुनाव पर इनका प्रभाव ना पड़े। गौरतलब है कि जयपुर से लेकर प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं, जहां पर कई आईपीएस, आईएएस और आरएएस अधिकारी सरकार आने के साथ ही पद पर बैठे थे और अभी तक लगातार उन्हीं पदों पर बने हुए हैं। जिन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग रखी गई है। प्रतिनिधिमंडल में चंद्र मोहन मीणा, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह नरूका, सौरभ सारस्वत और देवांग चतुर्वेदी सम्मिलित रहे।

---

**राठौड़ ने उड्डयन मंत्री,** विभाग के महानिदेशक व सचिव को लिखा पत्र

# किशनगढ़ से दोबारा शुरू हों विमान सेवा

**बेधड़क** | जयपुर

पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर जिले के किशनगढ़ हवाई अड्डे से विभिन्न शहरों के लिए बंद पड़ी उड़ानों को लेकर चिंता जताई है। राठौड़ का कहना है कि सभी हवाई विमानों का संचालन शुरू होने से अजमेर के व्यापार और पर्यटन क्षेत्र सहित विकास को बढ़ावा मिलेगा।



राठौड़ ने किशनगढ़ हवाई अड्डा से देश के विभिन्न शहरों के लिए विमान सेवा संचालन के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नागरिक उड्डयन विभाग महानिदेशक विक्रम देव दत्त व नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल को पत्र लिखा है। राठौड़ ने बताया कि किशनगढ़ हवाई अड्डे से पहले दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, इंदौर व सूरत के लिए विमानों का संचालन किया जा रहा था। अभी केवल सूरत शहर से किशनगढ़ एवं वापसी के लिए स्टार एयरलाइन्स के द्वारा विमानों का संचालन सप्ताह में चार दिन ही हो रहा है। जिन शहरों के लिए विमान सेवाए बंद हो गई है, उन विमानों में पहले यात्रीभार बहुत अच्छा था। अचानक से स्पाइस जेट द्वारा 31 अगस्त के बाद विमान सेवाएं बंद कर दी गईं।

ऐसे में सभी विमान सेवाओं का संचालन बेहद जरूरी है। धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि किशनगढ़ हवाई अड्डे से कई फायदे होंगे। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धार्मिक कर्मकाण्ड एवं ब्रह्मा मंदिर के दर्शन के लिए पुष्कर आते हैं, जो भारत का सबसे बड़ा धार्मिक और पर्यटन स्थल है। इसके अलावा विश्व प्रसिद्ध सोनी जी की नसियां, नारेली जैन तीर्थ, निम्बार्क पीठ, सुरसुरा तेजाजी का निर्वाण स्थल, विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा साहब की दरगाह भी अजमेर में स्थित है और दुनिया भर से श्रद्धालु दरगाह में जियारत करने अजमेर आते हैं। उन्होंने बताया कि संगमरमर एवं ग्रेनाइट बाजार के लिए किशनगढ़ संगमरमर शहर के रूप में विश्विख्यात है।

भीलवाड़ा नगरी कपड़ा उद्योग के लिए विश्व में प्रसिद्ध है, ऐसे में हवाई सेवा फिर से बहाल होने पर लोगों को सुविधा होगी।

---

**मुख्यमंत्री गहलोत की प्रदेशवासियों को सौगात**

# ST वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बनेंगे 5 हॉस्टल, 10 कॉलेज होंगे क्रमोन्नत

■ होम गार्ड की अनुबंध अवधि बढ़ाकर की 15 साल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार आमजन को राहत देने के लिए नई-नई सौगात दे रहे हैं। इसी को लेकर सीएम गहलोत ने गुरुवार को आधा दर्जन से अधिक स्वीकृतियों के वित्तीय प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त किया हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 5 नए छात्रावासों के भवन निर्माण के लिए 14 करोड़ रुपए के वित्तीय



प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत अलवर के मालाखेड़ा, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़, पाली के रायपुर, उदयपुर के कानोड़ में सावित्री बाई फूले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास और चूरू के जैतासर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के लिए नए भवनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास के लिए 2.80 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन छात्रावासों में 50-50 विद्यार्थियों की आवास क्षमता होगी। वहीं प्रदेश के 10 सरकारी यूजी कॉलेज को पीजी में क्रमोन्नत किया जाएगा। इनमें नए विषयों के संचालन के लिए 26 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार बीकानेर के देशनोक, खाजूवाला, शेरगढ़ जोधपुर, जमवारामगढ़ जयपुर, सैंपऊ धौलपुर, मांगरोल बारां, उच्चैन भरतपुर, मंगलाना नागौर, मारवाड़ जंक्शन पाली और राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपलू टोंक में पीजी स्तर के नए विषयों की शुरुआत होगी।

### ब्रेल पुस्तकें व खेल सामग्री मिलेगी

मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों के लिए संचालित अनुदानित शिक्षण संस्थाओं को ब्रेल पुस्तकें और खेल सामग्री उपलब्ध कराने के लिए 2.07 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस इस निर्णय से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों के लिए ब्रेल पुस्तकों के 700 सेट और सभी श्रेणियों के 7,700 विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री के 1,925 किट उपलब्ध हो सकेंगे।

### राज्य के 38 कृषि महाविद्यालयों में नए उपकरणों की होगी खरीद

सीएम गहलोत ने राज्य के 38 कृषि महाविद्यालयों में प्रयोगशाला कार्य उपकरणों की खरीद के लिए 13.40 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। गहलोत की इस स्वीकृति से कृषि महाविद्यालयों में आवश्यक संसाधन तथा उपकरणों की खरीद हो सकेगी।

### पाली के सादड़ी में खोला जाएगा कॉलेज

पाली के सादड़ी में नया सरकारी कॉलेज खोला जाएगा। गहलोत ने महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 4.50 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, इस महाविद्यालय के लिए 21 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है।

### मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

गहलोत ने राजस्थान गृह रक्षा के स्वयंसेवकों को अच्छी सुविधाएं देने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक समिति गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अलावा राजस्थान गृह रक्षा स्वयंसेवकों की अनुबंध अवधि को 5 साल से बढ़ाकर 15 साल किए जाने की स्वीकृति भी दी है। इस प्रस्ताव के अनुसार यह समिति गृह रक्षा के निदेशालय स्तर पर गठित की जाएगी और गृह विभाग के प्रमुख शासन सचिव इसके अध्यक्ष होंगे और महानिदेशक एवं महासमादेष्टा (कमाण्डेंट जनरल), गृह रक्षा तथा महानिरीक्षक पुलिस गृह रक्षा इस समिति के सदस्य होंगे। वहीं गृह विभाग के शासन सचिव इस समिति में सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

### मालपुरा में बनेगा एडीएम कार्यालय

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने टोंक जिले के मालपुरा में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) कार्यालय खोलने की मंजूरी दी है। सीएम गहलोत के इस निर्णय से प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में शामिल मालपुरा, टोड़ारायसिंह व पीपलू के उपखंड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय सम्मिलित होंगे। इस प्रकार नए एडीएम कार्यालय में कुल तीन उपखंड एवं इतनी ही तहसीलें, 34 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 136 पटवार मंडल और 446 राजस्व गांव शामिल किए गए हैं। सीएम ने प्रदेश में 1035 पटवार मण्डलों के सृजन की मंजूरी दी है।

# कैपिटल बेधड़क



## जरूरी खबर

### डॉ. इकबाल मर्डर केस में हैदर स्पेशल PP नियुक्त



**बेधड़क, जयपुर।** विधि विभाग ने डॉ.इकबाल मर्डर केस में एडवोकेट सरफराज हैदर खान को स्पेशल पीपी नियुक्त किया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायलय में यह विशिष्ट लोक अभियोजक के तौर पर राज्य सरकार की ओर से पैरवी करेंगे। गौरतलब है कि वैशाली नगर थाना इलाके में रहने वाले डॉ.इकबाल की गत वर्ष बदमाशों की हत्या कर दी थी।

### 30 करोड़ की सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा ने गुरुवार को जोन-10 में आगरा रोड पर पुराना बगराना स्थित आवासीय योजना सूर्य नगर मे जेडीए की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए। जेडीए की प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि खसरा नं 242 में करीब 8.5 बीघा जमीन पर कोठरीनुमा कमरे, झोंपड़ी, बाउंड्रीवाल्स बनाने के साथ ही तारबंदी करके भूमाफियाओं ने यहां अवैध कब्जा कर रखा था। जोन अधिकारी ने 14 अतिक्रमण करने वालों को धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए पाबंद किया था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर गुरुवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के दस्ते ने 30 करोड़ की बेशकीमती सरकारी भूमि पर से पुलिस के सहयोग से अतिक्रमणों को ध्वस्त किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## दिनभर रुक- रुक कर हुई बरसात, आज से फिर बारिश का अलर्ट

# राजधानी की सड़कों पर पानी, पर्यटन स्थलों पर सैलानी

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में दिनभर बादल रुक-रुककर बरसे। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश की वजह से जयपुराइट्स दिनभर बरसात से अपना बचाव करते नजर आए। मौसम सुहाना देख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की खासी भीड़ नजर आई। इसके अलावा राजधानी के ही कई इलाकों में तेज बारिश तो कई में हल्की बारिश दर्ज हुई। तेज बारिश के कारण जहां एक तरफ निचली बस्तियों में पानी भर गया, वहीं कम निकास वाली सड़कें भी पानी से लबालब दिखी। यहां सुबह से ही मौसम में नमी महसूस की जा रही थी, जिसके कारण सुबह तापमान 26 डिग्री था जो दिन में बढ़ते- बढ़ते 34 डिग्री तक पहुंच गया। राजधानी के ग्रामीण इलाकों में सर्वाधिक बारिश छापरवाड़ा स्टेशन पर 105 एमएम दर्ज की गई।

इसके अलावा सांभर में 93 एमएम, नरेना में 70 एमएम, फुलेरा में 65 एमएम के अलावा कई जगहों पर बारिश हुई। प्रदेश की सभी जगहों का पारा गिरकर वापस 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया जो सामान्य तापमान से कम था। इसके अलावा बारिश के साथ चली तेज हवाओं से उमस-गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है।



### सर्वाधिक पानी करौली के श्री महावीरजी में बरसा

राज्य में सर्वाधिक वर्षा करौली जिले के श्री महावीरजी में 120 मिमी दर्ज की गई। इसके अलावा जोधपुर के बिलाड़ा में 117 एमएम, सीकर में 50 एमएम, जालौर में 49 एमएम, चूरू में 39.3 एमएम, बीकानेर में 33.4 एमएम, कोटा में 29.8 एमएम के अलावा एक दर्जन जगहों पर 5 एमएमए से अधिक बारिश दर्ज की गई।

### गंगानगर में मौसम का यू- टर्न

गंगानगर में गुरुवार को अचानक मौसम ने यू टर्न लिया। इसके कारण यहां का तापमान सामान्य से 7.3° नीचे 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गौरतलब है कि यहां पिछले दिनों पारा 40° के पार दर्ज किया जा रहा था। इसके कारण यहां के लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को यहां 32.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। दूसरी तरफ यहां के निचले इलाकों में पानी भर गया, जिसके कारण आमजन को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा

### आज से 10 जुलाई तक वर्षा का अलर्ट

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पूर्वी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में 10 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, हालांकि कहीं- कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर व जोधपुर संभाग में भी शुक्रवार से 10 जुलाई तक मेघ गर्जन के साथ अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा व कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना है।

## परकोटे में वाहन चालकों को खुले आम लूट रहे पार्किंग वाले

# फर्जी रसीद से डबल वसूली विरोध पर लड़ने को उतारू

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में वाहनों की पार्किंग सुविधा देने के नाम पर किस तरह से आमजन को लूटा जा रहा है, इसकी बानगी आपको परकोटे के बाजारों में देखने को मिल जाएगी।

शहर के किशनपोल बाजार, चौड़ा रास्ता, जौहरी बाजार, जलमहल आदि स्थानों पर चौपहिया वाहनों को पार्क करने पर 40 से 50 रुपए तक प्रति घंटे के हिसाब से पैसा लिया जा रहा है, जबकि निगम का शुल्क काफी कम है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी ही है कि दुगुना पैसा वसूल करने वाले ठेकेदारों ने सार्वजनिक रूप से लूटने का बोर्ड भी लगा रखा है, लेकिन आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।







### 3 घंटे बाद वाहन पार्क करने का प्रावधान नहीं

परकोटे के बाजारों में खरादारी के लिए आने वाले लोग दूर दूर से आते हैं। ऐसे में बाजारों में अधिक भीड़ नहीं हों, इसके लिए चौपाहिया वाहनों के लिए पार्किंग में अधिकतम तीन घंटा ही निर्धारित कर रखा है। इसके बावजूद भी ठेकेदार कर्मचारी वाहनों को सुबह से शाम तक वाहन खड़ा करा लेते हैं और उसके दिनभर के 500 रुपए तक वसूल कर लेते हैं।

### इन शर्तों पर दिया गया पार्किंग का जिम्मा

**3** घंटे तक पार्किंग का अधिकतम 30 रुपए ही वसूला जाएगा। इसके बाद अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाएगा।

**3** घंटे बाद वाहन मालिक ने गाड़ी नहीं हटाई तो यातायात पुलिस गाड़ी को जब्त कर लेगी और पार्किंग ठेकेदार से 5 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा।

### ये बोले जिम्मेदार

"वाहनों की पार्किंग नियम से ही हो रही है। हमें तो ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। कहीं ऐसा कुछ हो रहा है तो दिखवा लेते हैं।

**सरोज ढाका,** राजस्व अधिकारी हेरिटेज नगर निगम।

### नियमों में अधिकतम 30, ले रहे 300 रुपए तक

हेरिटेज नगर निगम की ओर से पार्किंग के लिए दिए टेंडर में आमजन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चौपहिया वाहनों की पार्किंग दर अधिकतम 30 रुपए तय कर रखी है, लेकिन पार्किंग ठेकेदार ने जनता का पैसा जेब में भरने के लिए प्रति घंटे की दर तय कर रखी है। इसमें न्यूनतम दर 30 से 60 रुपए तक कर रखी है। तीन घंटे बाद आने पर ये वाहन मालिकों से प्रति घंटे के 40 से 300 रुपए तक वसूल रहे हैं। वाहन चालक जब इस पर आपत्ति जताता है तो ये उससे लड़ाई पर उतारू हो जाते हैं। ऐसे में किसी भी विवाद से बचने के लिए वाहन चालक इन्हें मुंहमांगा दाम देकर चला जाता है।

### पार्किंग फुल तो रास्तों में करा रहे पार्किंग

शहर के चौड़ा रास्ता में तो पार्किंग कर्मचारी वाहनों को रास्ते में ही पार्किंग कराते हुए नजर आए। हालांकि, इस दौरान सड़क पर कई बार जाम भी लगता रहा, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने भी वाहनों को हटवाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वाहन चालक से बात करने पर बताया कि पार्किंग वाले ने गाड़ी खड़ी कराई है।

## नंबर प्लेट से छेड़छाड़ पड़ेगी भारी

# अब 'BOSS' पर होगी कार्रवाई, पुलिस चलाएगी अभियान



नियमों की धज्जियां उड़ाता गाड़ियों पर नंबरों को तोड़ मरोड़कर लगाने का नया ट्रेंड

राजधानी में खुलेआम घूम रहे BOSS, कौन काटे चालान

**बेधड़क | जयपुर**

वाहनों की नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करके नया रूप देने वालों पर कार्रवाई के लिए अब ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाएगी। गौरतलब है कि सच बेधड़क ने बुधवार के अंक में 'राजधानी में खुलेआम घूम रहे BOSS, कौन काटे चालान' हेडिंग से खबर प्रकाशित की थी।

उसमें गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबरों के साथ छेड़छाड़ करके दूसरा रूप देने और दबदबा वाले नाम इस्तेमाल करने के बारे में बताया था। इस मामले में सच बेधड़क ने गुरुवार को अतिरिक्त आयुक्त यातायात और प्रशासन राहुल प्रकाश से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक के द्वारा नंबर प्लेट के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ एमवी एक्ट का उल्लंघन है। अगर कोई भी वाहन चालक नंबर प्लेट पर तोड़ मरोड़कर इस पर अपनी जाति नाम और BOSS जैसे शब्द लिखवा रहे हैं तो यह नियम के विरुद्ध है। उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से बहुत जल्द ही इसके खिलाफ अभियान भी चलाया जाएगा और ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ लगातार कार्रवाई होती रहती है।

## HB: पदोन्नति समिति की बैठक में की गई सिफारिश

# 71 अधिकारी-कर्मी होंगे पदोन्नत

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में विभिन्न संवर्गों पर 71 अधिकारी और कार्मिकों की पदोन्नति हुई है। इस संदर्भ में आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में विभिन्न संवर्गों के 71 पदों पर पदोन्नति की सिफारिश की गई थी। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद सभी पदोन्नत अधिकारियों को पदोन्नति के आदेश जारी किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह पहला विभाग है, जहां इस वर्ष की सभी डीपीसी हो गई हैं और कोई भी पदोन्नति लंबित या शेष नहीं है। उन्होंने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल में विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर मुख्य अभियन्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, उप आवासन आयुक्त और आवासीय अभियंता, वरिष्ठ लेखाधिकारी, लेखाधिकारी, सहा. लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड द्वितीय, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक, कार्मिक प्रबंधक, संपदा प्रबंधक, सहायक सचिव, निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक, सहा. नगर नियोजक और वरिष्ठ प्रारूपकार के पदों पर पदोन्नति की अभिशंसा की गई है। मुख्य अभियन्ता के पद पर 4, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के पद पर 6, उप आवासन आयुक्त के पद पर 5, आवासीय अभियन्ता के 21 व अन्य पदों पर डीपीसी कर पदोन्नति की सिफारिश की गई है।



## एसएमएस के नेत्र विभाग में रोशनी जाने के मामले को हुए 8 दिन

# अभी तक पता नहीं वायरस आया कहां से?

**बेधड़क | जयपुर**

एसएमएस अस्पताल के नेत्र विभाग में आंख की रोशनी छीनने वाला वायरस कहां से आया, इसका पता अस्पताल प्रशासन एक सप्ताह बाद भी नहीं लगा पाया। इस स्यूडोमोनास वायरस ने इंफेक्शन से करीब 18 मरीजों का जीवन संकट में ला दिया था, जिसके बाद चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा से लेकर एसीएस शुभ्रा सिंह ने मामले की रिपोर्ट मांगी थी।

आठ दिन बीत जाने के बाद भी अस्पताल प्रशासन यह तक पता नहीं लगा पाया, आखिर मरीजों की रोशनी छीने वाला खतरनाक संक्रमण आया कहां से। मामले के बाद से नेत्र रोग के सामान्य ऑपरेशन नहीं किए जा रहे है। ऐसे में सामान्य ऑपरेशन करवाने वाले मरीजों की वेटिंग लिस्ट बढ़ रही है। हालांकि, मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य विभाग की एसीएस, साथ ही कमिश्नर ने दौरा किया था। इस दौरान एसीएस ने सामान्य ऑपरेशन वेटिंग वाले मरीजों को रैफर करवाने के निर्देश नेत्र रोग एचओडी डॉ. पंकज शर्मा को दिए गए थे, लेकिन निर्देश पर अमल नहीं हुआ। माइक्रो बायोलॉजी लैब में स्यूडोमोनास संक्रमण की खोज के लिए अस्पताल प्रशासन ने तीन ओटी में से तकरीबन सवा सौ से अधिक सैम्पल लेकर कल्चर करवा चुका है, जिसमें से अधिकांश में कोई भी ग्रोथ नहीं मिली है, लेकिन फिर भी ओटी बंद है। मरीजों की बढ़ती वेटिंग को देखते हुए। एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने फिर से ऑपरेशन शुरू करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. बगरहट्टा ने बताया कि सवा सौ से अधिक सैंपल में से किसी में भी बैक्टीरियल संक्रमण की ग्रोथ नहीं मिली है। चिंता की बात है कि अभी तक सोर्स का पता नहीं लगा है। जल्द ही दूसरे ओटी में ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे।



## कलेक्टर के आदेश हवा

# UDH अफसर दौरे पर, उधर नगर निगम अधिकारी नियम तोड़ने पर आमादा

**बेधड़क | जयपुर**

ग्रेटर निगम में साफ सफाई के इंतजाम देखने के बाद स्वायत्त शासन के अधिकारी गुरुवार को हेरिटेज निगम के क्षेत्रों में दौरा कर रहे थे, वहीं उनसे कुछ ही दूरी पर निगम के अधिकारी ही नियमों को ही तोड़ने में लगे हुए थे। लोगों के भारी विरोध के बाद उन्हे बैरंग ही लौटना पड़ा। हुआ यूं कि डीएलबी निदेशक हृदयेश शर्मा, सचिव महेश शर्मा, हेरिटेज निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत और उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार और अन्य अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर हेरिटेज के इलाकों में दौरा कर रहे थे। दौरे के दौरान वे नाहरगढ़ रोड़ इलाके में पानी की लाइन के लिए तोड़ी गई सड़क को लेकर नाराजगी जता रहे थे। वहीं, उनसे कुछ दूरी पर ही लंगर के बालाजी स्थित केशव कॉलोनी में निगम अधिकारी दस्ते को लेकर नाला बनाने कि लिए सड़क की खुदाई करने पहुंच गए। बारिश के सीजन में सड़क को खुदता देख मौके पर ही सैंकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और दस्ते का विरोध करने लग गए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने निगम अधिकारियों को जमकर खरी खोटी भी सुनाई। लोगों का कहना था कि पहले से ही शहर में जगह-जगह सड़कें टूटी पड़ी हैं।



### नाले को कॉलोनी में से निकालने पर किया विरोध

पूर्व निगम चेयरमेन कैलाश महावर ने बताया कि चौगान स्टेडियम के पास केशव कॉलोनी आती है। गणगौरी बाजार से चौगान स्टेडियम होते हुए जा रहे बरसाती नाले को हेरिटेज निगम के अधिकारी अपनी मनमानी से इसे स्टेडियम से वापस घुमा कर कॉलोनी के बीच में से निकाल कर उल्टी दिशा में ले जाना चाहते हैं, जबकि कॉलोनीवासी इसका विरोध कर रहे हैं। बारिश में सड़क की खुदाई करने से यहां के मकानों में गिरने का डर है। स्थानीय लोग इस संबंध में जिला कलेक्टर को शिकायत करेगें।

### यूडीएच अधिकारियों ने जताई नाराजगी

दौरे पर निकले अधिकारियों ने कई जगह पर नालियों कचरा नहीं उठने पर हेरिटेज आयुक्त शेखावत से नाराजगी जताई और तुरंत कचरा उठाने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने बाईस गौदाम सर्कल, चौमूं सर्किल, स्टेच्यू सर्किल, पांच बत्ती, अजमेरी गेट, मनिहारों का रास्ता, बापू बाजार, इन्दिरा बाजार, बाबा हरीश चन्द्र मार्ग, नाहरगढ़ रोड़, माउंट रोड, रामगढ़ मोड़, जलमहल, सुभाष चौक, चारदरवाजा, रामगंज, घाटगेट और आदर्श नगर तक का निरीक्षण किया। मांउट रोड पर अनेक जगहों पर सफाई में कमी पाई व कचरा डिपो न उठने पर सीएसआई व एसआई से काफी नाराज हुए। ढिलाई का कारण पूछा तो उनसे जवाब देते नहीं बना। उन्होंने जलमहल स्थित इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया व स्टाफ से बात कर खाने की तैयारी व शुद्वता व साफ-सफाई पर उनकी तारीफ की। कुछ स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री आदि सड़क पर डालने पर उन्होंने सम्बधित भवन स्वामियों को नोटिस देकर मलबा हटवाने व कैरिगं चार्ज वसूलने के निर्देश दिए। सचिव शर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के कारण निर्देश दिए कि वार्ड प्रभारियों को निरन्तर तैनात रखा जाए।

### आयुक्त ने अपने घर का यूजर चार्ज जमा कराकर की अपील

जयपुर। ग्रेटर नगर निगम की ओर से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य के तहत लिए जाने वाले यूर्जर चार्ज को बढ़ावा देने के लिए अब निगम के आयुक्त खुद मैदान में उतर गए हैं। आमजन में एक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से इयुक्त सोनी ने गुरुवार को ऑनलाइन अपने घर का यूजर चार्ज जमा कराया। इस अवसर पर महेन्द्र सोनी ने बताया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण आमजन के लिए एक अच्छी व्यवस्था है। उन्होंने आमजन से यूर्जर चार्ज का भुगतान करने की अपील भी की। यूर्जर चार्ज का भुगतान केवल ऑनलाइन ही किया जा सकता है। इसके लिए मालवीय नगर जयपुर एसडब्ल्यूएम, मुरलीपुरा जयपुर एसडब्ल्यूएम एप प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।



**जरूरी खबर**

### कल मनाई जाएगी महाराजा उम्मेद सिंह की जयंती



**जोधपुर।** आधुनिक मारवाड़ के निर्माता महाराजा उम्मेद सिंह की 120वीं जयंती शनिवार को मनाई जाएगी। सुबह 7:30 बजे रेलवे स्टेशन प्रतिमा स्थल पर समारोह आयोजित होगा। महाराजा उम्मेद सिंह रिलिजियस ट्रस्ट के जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा होंगे व अध्यक्षता पूर्व महाराजा गज सिंह करेंगे|इस मौके पर दक्षिण महापौर वनिता सेठ, उत्तर महापौर कुंती देवड़ा, डीआरएम पंकज कुमार सिंह व एयर कोमोडोर जवाहर पाल सिंह बैंस विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### फेसबुक फ्रेंड के साथ रह रही थी गुमशुदा बालिका

**कोटा।** जिले के उद्योग नगर थाना इलाके से गुमशुदा नाबालिग बालिका को मानव तस्करी विरोधी यूनिट की टीम ने जयपुर के सांगानेर इलाके से दस्तयाब किया है। बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटी को पाकर परिजनों के चेहरों पर खुशी छा गई। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि जनवरी 2023 में बालिका के परिजनों ने थाना उद्योग नगर में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बालिका की दस्तयाबी के लिए दो हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। जानकारी में सामने आया कि बालिका की फेसबुक की जरिए 2022 में एक युवक से जान पहचान हुई। इसके बाद दोनों सांगानेर इलाके में आकर रहने लगे।

### हृदय के ऑपरेशन में 'चिरंजीवी' बनी संजीवनी

मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना

**जोधपुर।** जिले के मथुरादास माथुर अस्पताल के हृदय रोग विभाग में एक सात साल के बच्चे के हृदय में जन्मजात छेद (वीएसडी) का सफलता पूर्वक बिना सर्जरी डिवाइस लगा कर उपचार किया है। इस इलाज में सरकार की चिरंजीवी योजना मददगार बनी। डिवाइस प्रोसीजर हृदय रोग विभाग के डॉक्टर्स ने निश्चेतना विभाग कि मदद से किया। इस प्रक्रिया में डॉक्टरों की एक पूरी टीम जुटी। बच्चे को इलाज के लिए अहमदाबाद भी ले जाया गया था लेकिन खर्च अधिक होने के कारण इलाज नहीं हो पा रहा था। यहां चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज पूरी तहर फ्री किया गया।

**डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के प्रमोशनल रोड शो इवेंट में पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने कहा...**

# सरकार के फैसलों ने पर्यटन क्षेत्र को ऊंचाइयों पर पहुंचाया

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान देसी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों के बीच भी सबसे पसंदीदा स्थान के रूप में जाना जाता है। राज्य की ऐतिहासिक विरासत, भव्य किले और महलों की आकर्षक शिल्पकला और सांस्कृतिक परंपराएं यहां आने वालों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

राज्य सरकार ने प्रदेश में पर्यटन उद्योग की अपार संभावनाओं को देखते हुए कई नवीन और क्रांतिकारी फैसले लिए हैं, जिनसे प्रदेश के पर्यटन व्यवसाय को नई ऊंचाइयां मिली हैं। यह विचार राजस्थान पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक मोहम्मद सलीम खान ने प्रकट किए। वे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2023 के लिए पुष्कर में आयोजित 5वें प्रमोशनल रोड शो को संबोधित कर रहे थे।

रोड शो का आयोजन पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आराम बाग में किया गया। खान ने पर्यटन विभाग की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभाग ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई अनूठी पहल की है। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और ट्रैवल मार्ट्स जैसे आयोजन निजी संगठनों के साथ



मिलकर किए जा रहे हैं। राजस्थान घरेलू पर्यटन मार्ट (आरडीटीएम) ऐसी साझेदारी का एक प्रमुख उदाहरण है। इसके अलावा फिल्म टूरिज्म प्रमोशन पॉलिसी राजस्थान को फिल्म शूटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी। जयपुर में 14 से होने वाले आरडीटीएम की थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म' रहेगी।

### बजट में पर्यटन विकास की दी कई सौगातें

एफएचटीआर के अध्यक्ष और क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी अपूर्व कुमार ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2022-23 में अद्भुत बजट पेश किए। इसमें प्रदेश के पर्यटन उद्योगों को कई सौगातें दी गई। पर्यटन विकास के लिए खास योजनाएं लाई गई। ये योजनाएं राजस्थान के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हुई हैं। सरकार के पिछले सभी बजटों में रोजगार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और राजस्थान की अर्थव्यवस्था के सतत समावेशी विकास को बढ़ावा दिया है। उन्होंने राजस्थान को भारत में निवेश के लिए सबसे अनुकूल राज्य बनाने के प्रयासों के लिए पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह का भी आभार व्यक्त किया। इससे पहले कार्यक्रम में एफएचटीआर के महासचिव मोहन सिंह मेड़तिया ने स्वागत भाषण दिया। धनंजय सिंह पचार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के डिप्टी डायरेक्ट अजय शर्मा, राटो के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ और पुष्कर होटल्स एसोसिएशंस के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

### RTDM से पर्यटन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

आरडीटीएम का आयोजन प्रदेश के होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंटों, टूर ऑपरेटरों को भारत के ट्रैवल एजेंटों से संपर्क बढ़ाने और अपनी सेवाओं के आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। आरडीटीएम के दूसरे संस्करण में 2 दिनों के दौरान 5 हजार से अधिक बी-2-बी मीटिंग्स हुईं थी। लगभग 200 सेलर्स ने 800 से अधिक प्रॉपर्टीज, एजेंसी और एक्सपीरिएंस को प्रदर्शित किया था। 60 से अधिक ट्रैवल एजेंटों के लिए 4 फैम ट्रिप्स आयोजित की गई थी। इस आयोजन से घरेलू पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है।

**बेखौफ अपराधी: बदमाशों ने धारदार हथियारों से किया हमला**

# महिला को भगा ले जाने वाले युवक की गला रेत कर हत्या

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में राड़ी के बालाजी इलाके में बेखौफ बदमाशों ने दिन-दहाड़े एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। सरेबाजार हुई इस वारदात से सनसनी फैल गई। बदमाशों ने हैवानियत की हद पार करते हुए युवक का गला रेत डाला। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुट गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक इरफान कुछ दिनों पहले एक महिला को भगा ले गया था। इसके बाद से दोनों परिवारों के बीच रंजिश चल रही थी। आरोपियों ने गुरुवार को इरफान की बेरहमी से हत्या कर दी। युवक के भाई इकबाल ने बताया कि उसका बड़ा भाई इरफान राड़ी के बालाजी इलाके में डीजे की दुकान चलाता था। सुबह 10:30 बजे वह दुकान पर गया। उसी समय पप्पी और शहजाद सहित 2-3 अन्य बदमाशों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और गला रेत कर उसकी हत्या कर दी।



### भाई को बचाने दौड़ा, तब तक कर चुके थे हत्या, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

घटना के दौरान इकबाल अपने भाई को बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन तब तक आरोपी उसे लहूलुहान कर फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोग इरफान को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी मुकुल शर्मा सहित कोतवाली पुलिस पहुंची। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाकर जांच करवाई गई है।

### आरोपी जल्द होंगे पुलिस गिरफ्त में: DSP

झालावाड़ डीएसपी मुकुल शर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से पप्पी और शहजाद सहित 2 से 3 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्दी ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**मारपीट कर वाहनों में की तोड़फोड़**

## बदमाशों ने पिस्टल दिखा चालकों से मांगे रुपए

**बेधड़क** | जोधपुर

नागौर जिले से लाइम स्टोन भर कर आ रहे डंपर चालकों को बदमाशों ने पिस्तौल तानकर धमकाया और उनसे रुपए मांगे। बदमाशों ने पाल बालाजी के निकट दस हजार रुपए मांगे। आरोप है कि बदमाशों ने वाहन चालकों को पिस्तौल तानकर धमकाया और ट्रकों में भरा लाइम स्टोन जबरन सड़क पर खाली करवा लिया।

इतना ही नहीं बदमाशों ने पैसे नहीं देने पर मारपीट की और वाहनों में पत्थर और लाठियों से हमला कर तोड़फोड़ भी कर डाली। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में खींवसर थानान्तर्गत टाकला निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह नागौर के खींवसर से लाइम स्टोन भर कर अपने दो अन्य साथियों थानाराम और दिनेश निवासी खींवसर के साथ जोधपुर के बोरानाड़ा आ रहे थे।

तड़के चार बजे ये लोग जब नहर चौराहा क्रॉस कर पाल बालाजी के समीप पहुंचे तो पीछे से एक डंपर और क्रेटा व बोलेरो कारों में सवार हो 10-15 लोग वहां आए। उन लोगों ने उनके डंपरों को रुकवाया।

इसमें उचियारडा निवासी विक्रम जाणी, श्रवण जाणी, फिटकासनी के सुनील बाबल सहित अन्य लोग थे। इस दौरान विक्रम ने यहां से गाड़ियों को निकालने के लिए मासिक बंधी देने को कहा।

**मां ने देवर-जेठ पर लगाया आरोप**

## खेत पर गई किशोरी की मिली लाश, शरीर पर मिले चोट के निशान

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के सैंपऊ थाना इलाके के गांव उमरारा में गुरुवार को खेत पर घास काटने गई किशोरी की संदिग्ध अवस्था में लाश पड़ी मिली। किशोरी के शव पर चोट के कई निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को सैंपऊ के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

किशोरी की मां ने देवर और जेठ पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में 14 साल की किशोरी नेहा की मां जलदेवी ने बताया कि गुरुवार को बेटी खेतों पर घास काटने गई हुई थी। काफी देर होने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची, तो मां खेत पर गई। वहां किशोरी की लाश पड़ी देख मां के होश उड़ गए। घटनास्थल पर सीओ विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी हरभान सिंह पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करा कर लाश मां को सौंपी।

जलदेवी ने परिजन देवर एवं जेठ पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले को लेकर सीओ विजय कुमार ने बताया 14 साल की किशोरी की लाश खेतों में पड़ी हुई मिली। गर्दन और हाथ पैरों पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। ऐसे में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।



### बेटा-बेटी संग अकेली रही थी मां

जानकारी के अनुसार जलदेवी के पति ने उसको छोड़ दिया है। दूसरी शादी कर उसका पति बाहर रहता है। जलदेवी ने बताया देवर और जेठ की नियत घर के बंटवारे एवं संपत्ति पर बनी हुई थी। विगत 6 महीने से आरोपियों की ओर से बेटा-बेटी को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही थीं। किशोरी की मां का आरोप है कि देवर एवं जेठ ने संपत्ति के लालच में बेटी की हत्या कर दी।


**किराए पर ले गए थे कार, रास्ते में की लूटपाट**

## चालक से मारपीट कर बोलेरो कार लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**बेधड़क** | बाड़मेर

करीब एक सप्ताह पहले थाना गुडामालानी क्षेत्र में रामजी का गोल टैक्सी स्टैंड से किराए पर बोलेरो टैक्सी ले जाकर चालक के साथ मारपीट कर कार लूटने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि पुरावा निवासी टैक्सी चालक नरपतदान चारण ने थाना गुडामालानी में रिपोर्ट देते हुए बताया कि 28 जून की रात रामजी का गोल टैक्सी स्टैंड से मुंह पर मास्क लगाए एक व्यक्ति ने पुंजा बेरी चलने को कहा। रास्ते में भांभूओ का बास रोड पर उस व्यक्ति ने गाड़ी रुकवाई। इसके बाद सामने से एक सफेद बोलेरो कैंपर आई।



तीन व्यक्ति उतरे और बोलेरो की चाबी छीनकर उसे गाड़ी से नीचे उतारकर मारपीट की। बाद में चारों आरोपी उसकी बोलेरो लेकर भाग गए। पुलिस टीम ने छानबीन के बाद जसाराम जाट, चनणाराम जाट निवासी भीमथल, केशाराम जाट निवासी भलीसर तथा रामाराम जाट निवासी कोठाला को गिरफ्तार कर लूटी गई बोलेरो सहित घटना में प्रयुक्त कैंपर गाड़ी जब्त कर ली।

**दोनों पैर में फ्रैक्चर, जेएलएन अस्पताल में चल रहा इलाज**

## दुष्कर्म पीड़िता तीसरी मंजिल से कूदी

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में एक दुष्कर्म पीड़िता ने युवक से परेशान होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन किया और फिर अपने मकान की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इससे उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घरवालों ने तेज धमाके की आवाज सुनी तो भाग कर घर के बाहर आए तो देखा पीड़ित वहां पड़ी तड़प रही थी। परिजन उसे तुरंत जेएलएन हॉस्पिटल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर है। घटना शहर के क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह 4



बजे की है। परिवार का आरोप है कि पीड़िता को सुनील नाम का आरोपी उसे बार-बार ब्लैकमेल कर परेशान कर रहा था।

इसके चलते पीड़िता ने यह कदम उठाया। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय पीड़िता फर्स्ट ईयर की छात्रा है। अजमेर दक्षिण के सीओ सुनील सिहाग ने बताया कि पीड़िता की ओर से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उनके पड़ोस में सुनील नाम का व्यक्ति रहता था। समाज का होने की वजह से जान-पहचान बढ़ गई और उसका घर आना-जाना शुरू हो गया।

इस बीच दोनों ने एक-दूसरे के नंबर लिए और बात करने लगे। वर्ष 2021 में आरोपी ने उसके साथ रेप किया और बाद में अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। 2022 में पीड़िता को पुष्कर की एक होटल में ले गया और वहां भी बेहोशी की हालत में रेप किया। मई 2022 में पीड़िता की सगाई की बात आरोपी को पता चली तो उसने समाज में फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर खाली कागजों पर साइन करा लिए। शादी के फर्जी फोटोग्राफ क्लिक करवा उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

पीड़िता की बड़ी बहन ने बताया कि आरोपी ने 2021 के बाद उनके पास का मकान छोड़ कहीं और जाकर रहने लगा। लेकिन, इसके बाद भी वह बहिन को बार-बार प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी से परेशान होकर उसने गुरुवार सुबह पहले फिनायल पी लिया और फिर छत से कूद गई।

**बैंक लूट का अजीबो-गरीब मामला**

# बदमाश बैंक में आया और आराम से 24 लाख रुपए बैग में डाल ले गया

**मैनेजर और कैशियर ने कहा- कनपटी पर पिस्तौल लगा बदमाश ने धमकाया, सीसी टीवी में दिखा अलग नजारा**

**बेधड़क** | सीकर

जिले के फतेहपुर में बैंक लूट की अजीबो-गरीब वारदात सामने आई है। सीसीटीवी के फुटेज में लुटेरा मैनेजर को एक पर्ची देकर एक बैंक कर्मी से रुपए लेकर बड़े आराम से जाता दिख रहा है। यहां तक की रुपए ले जाने वाले के पास हथियार भी नजर नहीं आया। वहीं मैनेजर और कैशियर ने घटना को लेकर अलग कहानी बताई।

वारदात गुरुवार सुबह 11.30 बजे हुई। आरोपी यस बैंक से 24 लाख रुपए लूट ले गए। फतेहपुर सदर थानाधिकारी कृष्ण कुमार धनकड़ ने बताया कि हरसावा गांव में यस बैंक की ब्रांच है। जब यह वारदात हुई उस समय बैंक में मैनेजर, कैशियर सहित चार कर्मचारी मौजूद थे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में मैनेजर प्रदीप धेतरवाल ने बताया कि एक नकाबपोश बदमाश पिस्टल लेकर बैंक में घुसा था।

कमरे में आकर कनपटी पर पिस्टल लगाकर बीबी-बच्चों को मारने की धमकी देते हुए कैश की डिमांड की। वहीं कैशियर सचिन नेहरा ने बताया कि एक बदमाश ने पिस्टल तानकर जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद काउंटर और लॉकर रूम में ले




गया। इसके बाद बैग में रुपए भरने के लिए कहा। बाद में बदमाश करीब 24 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। जाते समय बैंक का मेन गेट भी बंद दिया। बैंककर्मियों का कहना है कि बदमाश ने ब्लूटूथ भी लगा रखा था। वह धीमी आवाज में किसी से बात कर रहा था।

### जांच में जुटी पुलिस

मामले की जानकारी पर डीएसपी राजेश कुमार विद्यार्थी, एएसपी रामचंद्र मूंड, एसपी करण सिंह, लक्ष्मणगढ़ डीएसपी सरवन कुमार झारोड, कोतवाली थाना अधिकारी गुर भूपेंद्र, सदर थानाधिकारी कृष्ण कुमार धनकड़ सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। एसपी करण सिंह ने बताया कि वारदात के समय बैंक में कोई ग्राहक नहीं था। मामले को लेकर पुलिस फिलहाल बैंक कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।

### सीसीटीवी फुटेज बयां कर रहे अलग ही कहानी



लूट की वारदात को लेकर बैंक मैनेजर और कैशियर ने जो कहानी बताई सीसीटीवी फुटेज में उससे अलग ही नजारा दिखाई दिया। फुटेज में दिख रहा है कि एक बदमाश मुंह पर रुमाल बांधे काला बैग लेकर बैंक में प्रवेश करता है। वह सीधे बैंक मैनेजर के कमरे में जाता है और एक कागज की पर्ची देकर रुपए मांगता है। इस पर मैनेजर के रुपए कैशियर द्वारा देने की बात कहने पर कैशियर को बुलाया जाता है। 11.32 बजे कैशियर और दो बैंक कर्मचारी अंदर आए। बदमाश हाथ में बैग लेकर आराम से खड़ा रहा। बैंक कर्मचारियों ने रुपए कैशियर के काउंटर पर लाकर रखे और वहां से बदमाश ने बैग में डाल लिए। इसके बाद मेन गेट को बंद कर बदमाश बड़े आराम से निकल कर चला गया। आरोपी करीब बीस मिनट तक बैंक में रुका और उसके पास कोई हथियार भी नजर नहीं आया।

## ओवरऑल बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

# स्कूल लाइफ में बेस्ट रहे स्टूडेंट्स को मिले वीजीयू अचीवर्स अवॉर्ड

बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही को-कॅरिकुलर एक्टीविटीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को 'वीजीयू अचीवर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया।

स्कूल स्टूडेंट के रूप में कॅरिकुलर और को-कॅरिकुलर एक्टीविटीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले अवॉर्ड विजेता 14 स्टूडेंट्स का चयन विभिन्न मापदण्डों के आधार पर किया गया था। कुल 700 स्टूडेंट्स ने इसके लिए आवेदन किया था। वीजीयू कैंपस स्थित सेमिनार हॉल में हुई अवॉर्ड सेरेमनी में स्टूडेंट्स ने अपने पेरेंट्स के साथ भाग लिया।






शिक्षा के साथ खेल, संगीत, नृत्य, वाद विवाद, उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले इन स्टूडेंट्स को पुरस्कार के रूप में पांच हजार रुपए कैश व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपने बच्चों को सम्मानित होते देख अभिभावक भी काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम के अंत में क्रिएटिव हैड विधि सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ें

समारोह के दौरान वीजीयू के अध्यक्ष प्रो. विजय वीर सिंह ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को शैक्षणिक और को-कॅरिकुलर एक्टीविटीज में उत्कृष्टता के लिए खुद को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। एवीपी डॉ. अंकित गांधी ने स्टूडेंट्स को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने, निरंतर सीखने, सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी ।

## रावत पब्लिक स्कूल में आयोजन

# प्रश्नोत्तरी को याद कर मनाया दूरदर्शन का स्थापना दिवस



बेधड़क | जयपुर

प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दूरदर्शन का स्थापना दिवस मनाया गया। स्कूल परिसर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में मनाए गए कार्यक्रम कार्यक्रम का प्रारंभ दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी सतीश देपाल और रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्कूल के स्टूडेंट्स ने रंगारंग राजस्थानी डांस की प्रस्तुति दी।

इसके बाद स्टूडेंट्स की सेमी क्लासिकल डांस परफोर्मेंस ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। देशभक्ति गानों पर डांस की प्रस्तुतियों से सारा सभागार झूम उठा। इस अवसर पर दूरदर्शन के आइकॉनिक कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी की तर्ज पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

प्रश्नों का सही जवाब देने वाले स्टूडेंट्स को दूरदर्शन की टीम की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक व अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने दूरदर्शन से आए प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट किए।

## Yuva स्टोरीज



**ब्लड डोनेशन कैम्प में दिखा युवाओं का उत्साह |**
**जयपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से 75वें सीए दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान युवाओं में रक्तदान के प्रति खासा उत्साह देखा गया एवं काफी मात्रा में रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में एनएवी के एमडी सीए अनिल अग्रवान को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। इस मौके पर अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है एवं इंस्टीट्यूट की ओर से नियमित ऐसे कार्य करना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सीए इंस्टीट्यूट की ओर से किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक सरोकारों के कार्यों में वे सदैव सक्रिय भूमिका निभाने को तत्पर रहते हैं एवं सभी को आगे आना चाहिए। अग्रवाल ने शिविर का उद्घाटन किया एवं युवाओं का उत्साहवर्धन किया।




**इंटरव्यू में लाने होंगे कैटेगरी सर्टिफिकेट |**
**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 के साक्षात्कार का प्रथम चरण 10 जुलाई से आयोजित किया जाएगा। इसमें अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति. पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित जाति अथवा वर्ग का प्रमाण-पत्र साक्षात्कार के समय साथ लाना होगा। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि कार्मिक (क-2) विभाग के नियमों के मुताबिक अभ्यर्थियों को भर्तियों में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए संबंधित श्रेणी के प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है। इसके आधार पर अभ्यर्थी की श्रेणी की पात्रता का मूल्यांकन किया जाता है। आरक्षण का लाभ प्रमाण-पत्र जारी होने की दिनांक से देय होता है। ऐसे में अभ्यर्थी के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र आवेदन भरने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है। यदि किन्हीं कारणों से अभ्यर्थी द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है या अंतिम तिथि के बाद जारी किया हुआ प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी को एक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह आवेदन की अंतिम तिथि को संबंधित वर्ग की पात्रता रखता था। यह सूचना गलत पाए जाने पर नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।




**राजकीय महाविद्यालय में आवेदन तिथि आगे बढ़ी|**
**जयपुर।** कंवर नगर ब्रह्मपुरी स्थित राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए बीए, बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश आवेदन की तिथि 12 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। अब प्रवेश के लिए 12 जुलाई तक ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। महाविद्यालय में कला संकाय के कुल आठ विषय भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिन्दी साहित्य अंग्रेजी साहित्य, लोक प्रशासन व संगीत संचालित हैं। इस सत्र से विज्ञान संकाय में बायो व गणित समूह के रसायनशास्त्र प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, गणित तथा भौतिकशास्त्र विषय भी संचालित होंगे।

## मिशन-एडमिशन: नए सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

# एचजेयू में प्रवेश के लिए आवेदन अब 24 तक

बेधड़क | जयपुर

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) में अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अब 24 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। विवि में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। प्रवेश संबंधी जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कुलपति




प्रो. सुधि राजीव ने बताया कि विश्वविद्यालय में नए सत्र से कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं व मौजूदा पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार किया गया है। अब पत्रकारिता और जनसंचार में तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (बीए-जेएमसी) के साथ ही 4 वर्षीय बीए ऑनर्स (मीडिया स्टडीज) भी उपलब्ध है। इसके बाद विद्यार्थी एक वर्ष में ही एमए पूरा कर सकेंगे।

### ये कोर्स भी उपलब्ध

विश्वविद्यालय में दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम एमए मीडिया स्टडीज, एमए इलेक्ट्रोनिक मीडिया, एमए विज्ञापन एवं जनसंपर्क, एमए न्यू मीडिया और एमए विकास संचार के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। पब्लिक हेल्थ एंड मास कम्युनिकेशन, डैस्कटॉप पब्लिशिंग, फोटोग्राफी और ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म में पीजी डिप्लोमा स्व वित्तपोषित मोड में उपलब्ध हैं।

# 'समाजशास्त्र विभाग रहा है यूनिवर्सिटी की नींव'

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग का 63वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप से विवि के पूर्व कुलपति प्रो. के एल शर्मा, प्रो. राजीव जैन व पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. इंदु माथुर उपस्थित रहे। प्रो. के एल शर्मा ने समाजशास्त्र विभाग के इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि भारत में समाजशास्त्र विषय में सबसे पहले राजस्थान विश्वविद्यालय मजबूत नींव था।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. एसएल शर्मा, प्रो. रश्मि जैन समेत प्रोफेसर्स व विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर विभाग परिसर में पौधरोपण भी किया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विभाग में सजावट भी की।

RH राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास, सबको आवास

बुधवार नीलामी उत्सव
जयपुर, अलवर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर व उदयपुर में
ई-बिड सबमिशन के माध्यम से
आवास खरीदने का सुनहरा अवसर



50% तक की भारी छूट
4530 आवास/फ्लैट्स उपलब्ध
156 आसान मासिक किश्तों में भुगतान
ई-मित्र पर मात्र 100 रुपये देकर ई-बिड सबमिशन में भाग लें
10% दीजिए गृह-प्रवेश कीजिए
ऑफर सीमित समय के लिए

ऑनलाइन प्रस्ताव देने की प्रक्रिया के लिए आवासन मण्डल की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें

वृत्त प्रथम-जयपुर
- द्वारकापुरी योजना, प्रतापनगर — LIG (G+7) फ्लैट्स — कुल संख्या : 236 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/793
- गंगा अपार्टमेन्ट, प्रतापनगर — HIG (B+S+10) फ्लैट — कुल संख्या : 1 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/743
- साबरमती अपार्टमेंट — MIG-A (S+9) फ्लैट — कुल संख्या : 1
- प्रताप अपार्टमेंट — HIG (S+10) फ्लैट — कुल संख्या : 1
- महला आवासीय योजना, अजमेर रोड, जयपुर — EWS (G+3) फ्लैट्स — कुल संख्या : 32 | LIG (G+3) फ्लैट्स — कुल संख्या : 733 | MIG-A (G+3) फ्लैट्स — कुल संख्या : 69 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/785

वृत्त-बीकानेर
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर योजना, नागौर — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 3

वृत्त द्वितीय-जयपुर
- नाका मदार आवासीय योजना अजमेर — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 14

वृत्त-अलवर
- एनईबी विस्तार — 2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 23 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/762
- अरावली विहार, भिवाड़ी — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 11 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/763
- बाड़ी रोड, धौलपुर — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 202 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/730

वृत्त प्रथम-जोधपुर
- केबीएस फेज प्रथम — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 82
- केबीएस फेज द्वितीय — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 772
- विवेक विहार योजना — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 793
- केबीएस फेज द्वितीय RERA REG. NO. RAJ/P/2018/818, RAJ/P/2019/911, RAJ/P/2018/817

वृत्त-कोटा
- चौमहला आवासीय योजना — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 206
- छबड़ा आवासीय योजना — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 339
- छीपा बड़ौद — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 192
- मांगरोल योजना — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 239
- रामगंज मंडी — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 23
- नैनवा योजना — आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 13
- सुनैल योजना — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 4
- जेल रोड, झालावाड़ — 1BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 11
- झालरापाटन योजना — 1BHK आवास/फ्लैट — कुल संख्या : 1
- अकलेरा योजना — 1BHK आवास/फ्लैट — कुल संख्या : 1
- भवानी मंडी — 1BHK आवास/फ्लैट — कुल संख्या : 1

वृत्त द्वितीय-जोधपुर
- मारवाड़ अपार्टमेन्ट चौपासनी योजना — 3/4BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 50 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/757
- मगरा आवासीय योजना, बाड़मेर — 1/2BHK आवास/फ्लैट्स — कुल संख्या : 284 — RERA REG. NO. RAJ/P/2018/765
- मानपुर योजना आबू रोड — 2BHK आवास/फ्लैट — कुल संख्या : 1 — RERA REG. NO. RAJ/P/2021/1598

वृत्त-उदयपुर
- दक्षिण विस्तार योजना — 2BHK आवास/फ्लैट — कुल संख्या : 1
- गोविन्द नगर, राजसमंद — 2BHK स्वतंत्र आवास — कुल संख्या : 9
- प्रियदर्शनी नगर, सुवाना — 1BHK स्वतंत्र आवास — कुल संख्या : 133
- सेथी सेगवा योजना, चित्तौड़गढ़ — 2BHK स्वतंत्र आवास — कुल संख्या : 6
- परतारपुर आवासीय योजना, बांसवाड़ा — 1/2/3BHK स्वतंत्र आवास — कुल संख्या : 42
- शास्त्रीनगर आवासीय योजना, बांसवाड़ा — 2BHK स्वतंत्र आवास — कुल संख्या : 1

*उपरोक्त आवास 'जहां जैसी स्थिति में है' के आधार पर विक्रय किये जाएंगे।
Rera Website: www.rera.rajasthan.gov.in
राजस्थान संवाद

ये सभी आवास उचित कीमतों पर किश्तों में उपलब्ध हैं। इसलिए कृपया इसकी जानकारी आप घरेलू सहायकों, काम वाली बाई, धोबी, बागवान, ड्राइवर आदि को भी दें, ताकि वे भी इन आवासों को आसान किश्तों में खरीद सकें।

हेल्प लाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 0141-2740009 कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 9460254319, शांतनु वार्ष्णेय (9983131666), पवन सोनी (8852000770) या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें।
आवासन आयुक्त

### महाराष्ट्र का घटनाक्रम आश्चर्यजनक नहीं

# शरद पवार की राजनीति का फल



अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

महाराष्ट्र का वर्तमान घटनाक्रम कतई अचंभित करने वाला नहीं है। कुछ दिनों में साफ होने लगा था कि राकांपा नेताओं का बड़ा समूह महाविकास आघाडी को बनाए रखने तथा विपक्षी एकता का भाग बनने की बजाय भाजपा और शिवसेना (शिंदे) समूह के साथ जाने का मन बना चुका है। यह मानना ठीक नहीं कि जो हुआ उसका पता शरद पवार को नहीं था। जब शपथ ग्रहण के पूर्व अजित पवार के घर पर सुप्रिया सुले भी पहुंची तो उन्हें पूरे घटनाक्रम का ज्ञान था। आज भाजपा पर अनैतिकता का आरोप लगाने वालों में से एक भी नेता या पार्टी ने तब यही बात नहीं कही जब भाजपा शिवसेना गठबंधन को बहुमत मिलने के बावजूद महाविकास आघाडी की सरकार बनाई गई। शरद पवार पिछले 4 वर्षों से जैसी राजनीति कर रहे थे उसकी यही स्वाभाविक परिणति थी। नवंबर 2019 में अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ शरद पवार की अनुमति से शपथ ग्रहण किया था। एक ओर वे भाजपा से बात कर रहे थे और दूसरी ओर उद्धव ठाकरे से भी। उन्होंने कहा है कि ऐसा करके वे भाजपा को एक्सपोज करना चाहते थे। इसमें सबसे ज्यादा अपमान और बदनामी अजित पवार की हुई। उनके मन में लगातार इस बात की कसक थी। दूसरे, लगभग यह भी साफ हो चुका है कि शरद पवार ने एक समय उद्धव ठाकरे सरकार में रहते हुए भाजपा के साथ जाने के लिए भी बातचीत की। संभवतः उनके राष्ट्रपति बनाने पर नरेंद्र मोदी ने सहमति नहीं दी। इस तरह की राजनीति करने वाले व्यक्ति की पार्टी उसके साथ सदा रहे और वह भी इस स्थिति में जब प्रदेश में गठबंधन कमजोर होता दिखे, यह संभव नहीं। थोड़े शब्दों में कहें तो यह शरद पवार की राजनीति की ही स्वाभाविक परिणाम है।

> नवंबर 2019 में अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ शरद पवार की अनुमति से शपथ ग्रहण किया था। एक ओर वे भाजपा से बात कर रहे थे और दूसरी ओर उद्धव ठाकरे से भी। उन्होंने कहा है कि ऐसा करके वे भाजपा को एक्सपोज करना चाहते थे। इसमें सबसे ज्यादा अपमान और बदनामी अजित पवार की हुई। उनके मन में लगातार इस बात की कसक थी। दूसरे, लगभग यह भी साफ हो चुका है कि शरद पवार ने एक समय उद्धव ठाकरे सरकार में रहते हुए भाजपा के साथ जाने के लिए भी बातचीत की।

एक वर्ष पहले हुई शिवसेना में विद्रोह और राकांपा के वर्तमान टूट में गुणात्मक अंतर यही है कि तब उद्धव ठाकरे को इसका आभास नहीं था और शरद पवार जानकारी होते हुए भी रोक नहीं सके। शरद पवार विरोध में उतर रहे हैं तो कुछ समय के लिए नेताओं विधायकों का एक समूह उनके साथ दिखेगा। पर तस्वीर बता रही है कि उनके हाथ से नियंत्रण बाहर जा चुका है। इस घटना का तीन और पहलुओं के आधार पर संपूर्ण विश्लेषण किया जा सकता है। पहला , यह राकांपा की टूट है तो इस पर किसका दावा बनता है? दूसरे, इसका महाराष्ट्र की राजनीति में क्या असर होगा? और तीसरा, राष्ट्रीय राजनीति यानी नरेंद्र मोदी और भाजपा विरोधी विपक्षी एकजुटता इससे कितनी प्रभावित होगी?

प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि पार्टी ने फडणवीस और शिंदे सरकार में शामिल होने और समर्थन करने का फैसला किया है। यानी यह टूट नहीं पार्टी का निर्णय है। यह भी कहा कि शरद पवार हमारे नेता थे, हैं और रहेंगे। अजित पवार ने भी राकांपा के संदर्भ में यही बात कही। यानी ये कह रहे हैं कि पार्टी के फैसले से हम गए हैं हमने न बगावत की, ना पार्टी को तोड़ा है। यह स्टैंड ऐसा है जिसकी काट जरा मुश्किल होगी। शरद पवार के विरुद्ध ये कुछ नहीं बोलेंगे, लेकिन स्टैंड यही रहेगा। उद्धव ठाकरे के विपरीत शरद कह रहे हैं कि वे कानूनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे, जनता के बीच जाएंगे। हालांकि विधानसभा में अजित और विद्रोहियों की सदस्यता रद्द करने की मांग की गई है। तो होगा क्या?

अजित और प्रफुल्ल कह रहे हैं कि वह राकांपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। यानी चुनाव के पूर्व पार्टी चुनाव चिन्ह को लेकर अभी तक दोनों पक्ष दावा करने के लिए चुनाव आयोग जाने का संकेत नहीं दे रहे। शरद अगर चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के पास जाते हैं तभी इसकी कानूनी लड़ाई आरंभ होगी। वैसे विधानसभा में अध्यक्ष के पास आवेदन देने के साथ कानूनी और संवैधानिक लड़ाई आरंभ हो गई है। कानूनी लड़ाई का व्यवहार में बहुत ज्यादा मायने नहीं होता। किसी को चुनाव चिन्ह मिल जाए और नेता, विधायक, सांसद साथ नहीं हो तो उसका कोई अर्थ नहीं। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल जैसे नेता शरद पवार से अलग निर्णय करते हैं तो यह साधारण घटना नहीं है। प्रफुल्ल पिछले करीब ढाई दशक से शरद पवार के सर्वाधिक विश्वसनीय एवं निकटस्थ नेताओं में हैं। छगन भुजबल की हैसियत भी बहुत बड़ी है। यही स्थिति लगभग दिलीप वलसे पाटील की भी है। ऐसे नेताओं के बाहर जाने के बाद शरद पवार के साथ पूरे प्रदेश में पहचान रखने वाले नेताओं की तलाश करनी पड़ेगी। अगर भारी संख्या में विधायक, सांसद और नेता इनके साथ हैं तो स्वाभाविक है कि वर्तमान राकांपा पर इन्हीं का नियंत्रण है। शरद पवार की मराठवाडा में प्रतिष्ठा है खासकर गांव में और उनके साथ लोग खड़े होंगे किंतु यह स्थाई नहीं हो सकता। 84 वर्ष की उम्र के व्यक्ति के साथ राजनीति का कोई व्यक्ति तभी खड़ा होगा जब उसे आगे अपना भविष्य दिखाई दे। सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। सुप्रिया संगठन की व्यक्ति नहीं हैं। उनकी पूरी ताकत शरद पवार हैं। सुप्रिया के साथ जाकर कोई जोखिम मोल लेना नहीं चाहेगा। दूसरे, महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस को छोड़कर शरद के साथ बचे राकांपा और उद्धव शिवसेना के बचे-खुचे नेताओं की यह हैसियत नहीं कि वे ज्यादा लोगों को साथ ला सकें। वहां का माहौल एकपक्षीय होगा। शरद पवार स्वयं विधानसभा में नहीं है। तो इसका भी असर होगा। इसलिए इस समय शरद पवार के साथ खड़े लोगों, या उनकी रैली आदि में संख्या के आधार पर भविष्य का निष्कर्ष मत निकालिए।



> शरद पवार की मराठवाड़ा में प्रतिष्ठा है, खासकर गांव में और उनके साथ लोग खड़े होंगे, किंतु यह स्थाई नहीं हो सकता। 84 वर्ष की उम्र के व्यक्ति के साथ राजनीति का कोई व्यक्ति तभी खड़ा होगा जब उसे आगे अपना भविष्य दिखाई दे। सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। सुप्रिया संगठन की व्यक्ति नहीं हैं। उनकी पूरी ताकत शरद पवार हैं। सुप्रिया के साथ जाकर कोई जोखिम मोल लेना नहीं चाहेगा।

चूंकि शरद पवार पटना की विपक्षी बैठक में शामिल हो चुके हैं इस कारण उन्हें उन पार्टियों का समर्थन मिलेगा। उसका धरातल पर कोई मायने नहीं होगा। धरातल का सच यही है कि शरद पवार की राजनीतिक पारी का लगभग अंत हो चुका है। 1999 में सोनिया गांधी के विदेशी मूल के सैद्धांतिक मुद्दे को उठाकर उन्होंने कांग्रेस से अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई। यह बात अलग है कि बाद में वह कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़े, यूपीए सरकार में मंत्री रहे, प्रदेश में भी सरकार चली। पार्टी शायद अभी कुछ दिन रहेगी किंतु उसका बड़ा हिस्सा उनके साथ नहीं। शरद के कमजोर होने और राकांपा के बड़े समूह का प्रमुख और प्रभावी नेताओं के साथ भाजपा गठबंधन में साथ आने के बाद महाराष्ट्र का पूरा राजनीतिक वर्णक्रम बदल गया है। अब महाविकास अघाडी में कांग्रेस प्रमुख पार्टी है और शरद पवार के नेतृत्व वाला राकांपा, उद्धव ठाकरे की शिवसेना काफी कमजोर। इस तरह तात्काल प्रदेश की राजनीति एकपक्षीय रूप से भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर झुका दिखाई देता है। वर्तमान राष्ट्रीय राजनीति पर इसका दो तरीकों से असर होगा। पहला, शरद पवार भाजपा और मोदी विरोधी मोर्चाबंदी के वरिष्ठ नेता है। पार्टी के इस बड़े टूट के बाद उनका वह प्रभाव नहीं होगा। भाजपा के लिए इसका बड़ा मायने यही है कि महाराष्ट्र 48 सीटों के साथ उत्तर प्रदेश के बाद दूसरा सबसे ज्यादा सांसद देने वाला प्रदेश है जो चुनावी दृष्टि से ज्यादा सुरक्षित हो गया दिखता है। इस समाचार की पुष्टि हो रही है कि अलग होने वाले नेताओं ने शरद पवार से विपक्षी मोर्चाबंदी में न जाने का आग्रह लगातार किया था। यानी पार्टी का बहुमत मोदी विरोधी गठबंधन में जाने के पक्ष में नहीं था। इसका अर्थ यही है कि अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल जैसे नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भाजपा गठबंधन में जाने का मन बना चुके थे। अजित पवार ने अपनी पत्रकार वार्ता में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख किया। इस तरह यहां राजनीतिक विचारधारा की भी भूमिका है। मान सकते हैं कि अजित विचारधारा के स्तर पर कोई सिद्धांतवादी नेता नहीं है। बावजूद वे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का अच्छा भविष्य होने की बात कह रहे हैं तो इसे केवल टूट के लिए गढ़ा गया तर्क मानना उचित नहीं होगा। निस्संदेह , इसके पीछे अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता होगी। किसके साथ जाने से हमारा राजनीतिक लाभ होगा यह कोई भी सोचता है पर आधार ठोस होता है। शरद पवार विरोधी इस समूह का कदम बताता है कि उनकी दृष्टि में महाराष्ट्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव जीतने की संभावना ज्यादा प्रबल है। यह न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश के विपक्षी गठजोड़ की दृष्टि से बहुत बड़ी टिप्पणी है। जो नेता विपक्षी मोर्चाबंदी में बैठ रहे हैं उनकी पार्टी साथ है या नहीं, इसे लेकर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# मजबूत रुपैया



संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

एक दिन रामलाल दौड़े-दौड़े मेरे पास आए और बोले अरे भैया, अखबार में पढ़ा कि रुपया बहुत मजबूत हो गया है, अब वो भी अंतरराष्ट्रीय बाजार की मुद्रा हो जाएगी; भारत और रूस के बीच रुपैया में कारोबार शुरू हो गया है और लगभग 60 देशों ने कहा है कि वे भी रुपया में कारोबार करने को तैयार है। जिस तरह टीका लेने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है उसी तरह यदि अधिक से अधिक देशों के साथ रुपैया में लेनदेन होगा तो रुपया मजबूत हो जाएगा। मैंने कहा- रामलाल जिसके पास रुपैया होता है वो वैसे ही बहुत मजबूत होता है, बहुत कीमती होता है, और अंतरराष्ट्रीय हो जाता है; देखा नहीं नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसी कितने लोग विदेश चले गए, इसमें नई बात क्या है? विदेश में ये लोग ऐश में हैं और सरकार तैश में है। लेकिन ये लोग रुपया के साथ-साथ डॉलर से भी मजबूत हैं और विदेश का मजबूत कानून और दूसरे देश का रुपैया के प्रति मोहपाश इन्हें भारत नहीं आने देने में सहायक बना हुआ है और ये भगोड़े विदेश में अपनी जिंदगी ऐश में बीता रहे हैं। सरकार दबाव बना रही है कि इन भगोड़ों को भारत लाया जाए और दूसरी ओर विदेश के मानवाधिकार एवं अन्य कानून यहां आने में बाधक बना हुआ है, कितना मजबूत कानून है विदेश का।

रामलाल बोले, फिर तुम मुझे बरगला रहे हो, अरे लगता है तुम अखबार ठीक से नहीं पढ़ते हो, रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा है, अब डॉलर के बदले रुपैया से खरीदारी की जा सकेगी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपैया घुसपैठ कर रहा है, अपना स्थान बना रहा है; यह बात अलग है कि घूस की पैठ इतनी जबरदस्त हो गई है कि बिना घूस के आप किसी कार्यालय में अपनी पैठ नही बना सकते है। जब दो अलग-अलग भाषा के व्यक्ति आपस में मिलते है तो विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक दुभाषिया रहता है, वैसे ही जब दो देशों के बीच व्यापार होता है तो दाल-भात में मूसलचंद की तरह भुगतान डॉलर में करना होता है। सुना है अब कुछ देश भुगतान में रुपया लेने को तैयार हो गए हैं तो अब डॉलर नही खर्च होगा।

रुपैया से तो सारा काम हो जाता है, मुद्रा मिलने के बाद आदमी की मुद्रा बदल जाती है, देखा नही रुपया देकर नौकरी लो, नही तो जमीन दो। जमीन के बदले नौकरी, देश में एक नया जुमला आया है। ऐसे चुनाव के समय नोट के बदले वोट वाला जुमला ऊंचाइयों को छू रहा होता है। जमीन के लिए लोग जमीर बेच रहे हैं, देश बेच रहे हैं।

रुपैया से मजबूत रहने पर फेल, पास हो जाता है, बिगड़ता काम बन जाता है। एक कहावत है आतुर काम द्रव्य से होय, घंटों का काम मिनटों में हो जाता है। रुपैया समय-समय पर अपना रंग भी बदलता रहता है, कभी 100 में 5 किलोग्राम टमाटर मिल जाता है तो कभी 100 में 7 किलोग्राम टमाटर मिलता है, लगता है टमाटर को भी समय-समय पर ज्वर बुखार होता रहता है जिसका असर इसके दाम पर होता है। मजेदार बात यह है कि 100 किलो टमाटर खरीदकर खाए या 10 किलो टमाटर खरीदकर खाए स्वाद में कोई अंतर नही होता है और न ही उससे मिलने वाले विटामिन आदि में कोई अंतर आता है, पर पड़ोसी को लगने लगता हैं कि यह जेब से मजबूत है, रुपैया से मजबूत है। जब 100 में 5 किलो टमाटर मिलने लगता है तो लोग कहते हैं- खाते-खाते मन भर गया है, अब इसमे स्वाद नहीं मिलता है। पड़ोसी कहते हैं, अब जब टमाटर को कोई नहीं पूछ रहा है तो बगल वाले टमाटर खरीद कर ले जा रहे हैं; अरे भैया टमाटर 100 किलो मिले या 100 में 5 किलो मिले, खाने पर स्वाद तो एक ही आएगा, पर जो रुपैया से मजबूत होगा वही तो 100 किलो टमाटर खरीद पाएगा?



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
उत्तर प्रदेश की अनुभूति को बदलने में सर्वाधिक भूमिका यूपी पुलिस के द्वारा किए गए प्रयासों की है।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक के एक करीबी द्वारा आदिवासी युवक के साथ की गई अमानवीय व घृणित हरकत बेहद शर्मनाक है, प्रदेश में भाजपा के 18 साल के शासन में आदिवासियों पर अत्याचार के 30,400 मामले सामने आए हैं।



**राहुल गांधी,** पूर्व सांसद
@RahulGandhi
मणिपुर को ठीक होने के लिए शांति की जरूरत है, मेरी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, हमारे भाइयों और बहनों को दर्द में देखकर मेरा दिल टूट गया, शांति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है और हम सभी को इसके लिए काम करना चाहिए।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आप कहीं भी हों, जो भी हों, यदि आप प्रयास करने के इच्छुक हैं, तो आप प्रकृति की सीमाओं से परे खुद को विकसित कर सकते हैं।



**आचार्य प्रमोद,** राजनीतिक वक्ता
@AcharyaPramodk
लूट "खसोट" करने वालों को पहले "डकैत" कहा जाता था, अब ऑपरेशन "लोटस" कहा जाता है।

### नॉलेज कॉर्नर: वर्तमान में भी निर्माणाधीन स्थिति में है यह बिल्डिंग

# भारत की सबसे ऊंची इमारत 'पैलेस रोयाल'

मायानगरी के नाम से पहचाना जाने वाला मुंबई शहर विश्वभर में विख्यात है। यहां की आबोहवा ही ऐसी है कि जो भी एक बार इस शहर में आता है, यहीं का होकर रह जाता है। आलीशान इमारतें, समुद्र से घिरा नगर और अनगिनत पर्यटक स्थल इस नगर की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। वर्ष 1995 तक इसका नाम बॉम्बे था। वर्तमान में यह भारत की आर्थिक राजधानी तथा महाराष्ट्र राज्य की राजधानी है। वर्ष 2018 में दिल्ली के बाद जनगणना की दृष्टि से यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा और विश्व का सातवां सबसे बड़ा शहर था। यह देश का वाणिज्यिक केन्द्र भी है। इन सभी के उलट इसे यहां की ऊंची-ऊंची इमारतों के लिए भी जाना जाता है। भारत की सबसे ऊंची बिल्डिंग भी इसी शहर में स्थित है, जिसका नाम है 'पैलेस रोयाल'। इस गगनचुंबी इमारत का कार्य वर्ष 2008 से शुरू हुआ।

## आलीशान इमारत

मुंबई लोगों के लिए एक सपनों का शहर है। इस नगर की कई खास बातें हैं, जैसे- मुम्बई का बन्दरगाह देश का सर्वश्रेष्ठ सामुद्रिक बन्दरगाह है। इसका तट कटा-फटा होने के कारण इसका पोताश्रय प्राकृतिक एवं सुरक्षित है। यही कारण है कि यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका जैसे कई पश्चिमी देशों से जलमार्ग या वायुमार्ग से आने वाले पर्यटक सबसे पहले मुम्बई ही आते हैं। इसलिए इसे भारत का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। सपनों के इस शहर में कई आलीशान इमारतें हैं।



इनमें से 'पैलेस रोयाल' भारत की सबसे ऊंची आवासीय इमारत है। इसे सुपरटाल गगनचुंबी इमारत के तौर पर जाना जाता है। देश की सबसे ऊंची इमारत वर्तमान में निर्माणाधीन है। इस बिल्डिंग को बनाने के लिए वर्ष 2005 में परमिट जारी किया गया था, जो कि वर्ष 2008 में शुरू हुआ था।

## खास बातें

- इस इमारत की ऊंचाई 320 मीटर यानी 1050 फीट है।
- यह भारत की सबसे ऊंची बिल्डिंग और तीसरी सबसे ऊंची संरचना है।
- इसका निर्माण कार्य वर्ष 2018 में पूरा हुआ था।
- इसके अग्र और आंतरिक भाग का निर्माण अब भी जारी है।
- इमारत का सम्पूर्ण कार्य 31 दिसंबर 2023 तक पूरा होगा।
- इसमें 120 अपार्टमेंट होंगे, जिनका आकार 740 से 1,300 वर्ग मीटर तक होगा।

**भारत की सबसे ऊंची इमारतें**

*भारत में गगनचुंबी इमारतों की शुरुआत वर्ष 1959 से हुई। सबसे पहले चेन्नई में 12 मंजिला एलआईसी बिल्डिंग बनाई गई थी। इसके बाद नोएडा में सुपरनोवा स्पाइर, मुंबई में वर्ल्ड वन, विश्व दृश्य, लोढ़ा मार्क्विसे तथा ओंकार 1973 टावर 'पैलेस रोयाल' के बाद देश की पांच सबसे ऊंची इमारतें है।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

### कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोला जुबानी हमला

# विपक्षी दलों को खत्म करके लोकतंत्र का गला घोंट रही है भाजपा

एजेंसी | मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'ईडी और सीबीआई जैसी सरकारी एजेंसियों के डर' के जरिये विपक्षी दलों को खत्म करके लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस की कोर कमेटी की बैठक के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने यह भी कहा कि भाजपा इस गंदी राजनीति में लगी है और विपक्षी दलों को विभाजित कर रही है क्योंकि उसे आने वाले चुनावों में हार का आभास हो रहा है। पटोले ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कोर कमेटी ने भाजपा की सत्ता-लोलुप राजनीति के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उसने (कोर कमेटी) ने भाजपा की तानाशाही प्रवृत्ति का अंत करने का संकल्प लिया।



### पीएम भ्रष्टाचार पर उपदेश तो देते हैं, लेकिन नहीं करते पालना

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर 70,000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं और साथ ही उसके नेताओं (अजित पवार और अन्य) को सम्मानपूर्वक राज्य सरकार में शामिल करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्टाचार पर जो उपदेश देते हैं, उसका वह पालन नहीं करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री (महाराष्ट्र में) राकांपा विधायकों को मंत्री के रूप में कैसे शामिल कर सकते हैं, जिसे उन्होंने एक बार 'राष्ट्रवादी भ्रष्ट पार्टी' कहा था।

### कपिल सिब्बल बोले-'यह तमाशा है, लोकतंत्र नहीं'

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सदस्य कपिल सिब्बल ने महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम को 'तमाशा' बताते हुए गुरुवार को कहा कि राजनीतिक घटनाक्रम 'सत्ता की रोटियां' सेंकने को लेकर है.. लोगों की भलाई के लिए नहीं। सिब्बल ने ट्वीट किया, ' महाराष्ट्र की राजनीति... यह लोकतंत्र नहीं है। यह तमाशा है और ऐसा लगता है कि कानून ऐसा करने की इजाजत दे रहा है। यह सत्ता की रोटियां सेंकने के बारे में है... लोगों के बारे में नहीं।'

### अजित पवार के समर्थन से राजग और होगा मजबूत: अठावले

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने गुरुवार को यहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार से उनके आवास पर मुलाकात की और दावा किया कि उनके समर्थन से जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मजबूत होगा, वहीं विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) 'और कमजोर' होगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख अठावले ने कहा कि पवार के राज्य का उपमुख्यमंत्री बनने के बाद यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। अठावले केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री हैं और महाराष्ट्र से ताल्लुक रखते हैं। अठावले ने पत्रकारों से कहा, 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अजित पवार के समर्थन से महाराष्ट्र विधानसभा में (सत्ता पक्ष का) संख्या बल 200 से अधिक हो गया है। उनके समर्थन से एमवीए और कमजोर होगा।

### विपक्षी दलों की बैठक में बेंगलुरु जाएंगे लालू



**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि 17-18 जुलाई को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेने के लिए बेंगलुरु जाएंगे। दिल्ली रवानगी से पहले पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में लालू प्रसाद ने कहा कि वह 2024 लोकसभा चुनावों में केंद्र की नरेंद्र मोदी नीत सरकार को सत्ता से हटाने की जमीन तैयार करने के लक्ष्य से बेंगलुरु जाएंगे। उन्होंने कहा कि अन्य नियमित डॉक्टरी जांचों के लिए दिल्ली जा रहा हूं। वहां से पटना लौटूंगा और फिर विपक्षी दलों की बैठक तथा 2024 लोकसभा चुनावों में केंद्र की सत्ता से मोदी सरकार की 'विदाई' की तैयारी के लिए बेंगलुरु जाएंगे। संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी दलों की बैठक 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होनी है।

### कन्हैया कुमार एनएसयूआई के प्रभारी नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कन्हैया को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का प्रभारी (एनएसयूआई) नियुक्त किया। इससे पहले, रूचि गुप्ता एनएसयूआई की प्रभारी थी जिन्होंने करीब ढाई साल पहले पद से इस्तीफा दे दिया था।

### प्रफुल्ल समेत नौ लोगों को किया पार्टी से निष्कासित

# शरद पवार बोले 'मैं ही हूं राकांपा का अध्यक्ष'

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि वह ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। यहां पार्टी की कार्यसमिति की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा कि राकांपा का अध्यक्ष मैं ही हूं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य को पार्टी से निष्कासित करने संबंधी फैसले को कार्यसमिति ने मंजूरी दी। पार्टी नेता पी. सी. चाको ने यहां मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किए गए।

अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर शरद पवार ने कहा कि सच सामने आ जाएगा। चाको ने कहा कि संगठन शरद पवार के साथ है। उन्होंने कहा कि राकांपा कार्यसमिति ने राजग से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य लोगों को निष्कासित करने संबंधी फैसले को मंजूरी दे दी है। शरद पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे। हम किसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के दावे को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन अभी भी एकजुट है। चाको ने कहा कि राकांपा हर तीन साल पर चुनाव कराती है और लोग नियमित रूप से निर्वाचित होते हैं।



### अजित ने पेश किया दावा

अजित पवार गुट ने राकांपा के नाम और चुनाव चिह्न (घड़ी) पर दावा भी पेश कर दिया है। इस गुट का दावा है कि उसके पास 40 से अधिक विधायकों का समर्थन है। महाराष्ट्र विधानसभा में राकांपा के 53 सदस्य हैं। दूसरी तरफ, शरद पवार का कहना है कि वह ही राकांपा के अध्यक्ष हैं और उनकी पार्टी का नाम एवं चुनाव चिन्ह कोई नहीं छीन सकता।

### बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं: अजित

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने कहा है कि गुरुवार को दिल्ली में शरद पवार की ओर से आहूत कार्यसमिति की बैठक की कोई कानूनी वैधता नहीं है। इसमें कहा गया कि राकांपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहुमत के साथ-साथ विभिन्न संगठनात्मक पदों पर काम करने वाले सदस्यों के भारी समर्थन से अजित पवार को 30 जून, 2023 को राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। अजित ने निर्वाचन आयोग के समक्ष एक याचिका भी दायर की है जिसमें कहा गया है कि वह मूल राकांपा का प्रतिनिधित्व करते हैं और इसलिए पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न उन्हें दिया जाए। मूल राकांपा के प्रतिनिधित्व के बारे में एक सवाल को लेकर बयान में कहा गया है कि यह निर्वाचन आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र में है और इसलिए जब तक इस संबंध में आयोग कोई फैसला नहीं ले लेता, पार्टी के भीतर किसी भी व्यक्ति के पास राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है।

### शिंदे गुट के MLA हमारे संपर्क में: राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद विनायक राउत ने गुरुवार को दावा किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत प्रतिद्वंदी शिवसेना के कुछ विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि राकांपा के बागी विधायकों को मंत्री बनाए जाने के बाद से शिंदे गुट के विधायकों ने 'विद्रोह' करना शुरू कर दिया है। राउत ने किसी का नाम लिए बिना दावा किया,'जो मंत्री बनना चाहते थे, लेकिन नहीं बन सके और जिन्हें अगले मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी कुर्सी जाने का खतरा है वे हमारे संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, "जिस दिन अजित पवार सरकार में शामिल हुए, शिंदे गुट के विधायकों ने विद्रोह करना शुरू कर दिया। उधर, शिंदे नीत शिवसेना सरकार में मंत्री उदय सामंत ने राउत के दावे का खंडन करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे नीत गुट के 13 में से छह विधायक उनके संपर्क में हैं।

### मेरी पार्टी में कोई भी अप्रसन्न नहीं है: शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से शिवसेना में कोई भी अप्रसन्न नहीं है। शिंदे ने उन खबरों को 'विपक्ष द्वारा फैलाई गई अफवाहें' बताया, जिनमें कहा गया है कि अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायकों को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट के राज्य सरकार में शामिल होने के बाद शिवसेना के कुछ विधायकों ने स्पष्ट रूप से चिंता जताई थी। शिंदे ने बुधवार को शिवसेना विधायकों, विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) और सांसदों की बैठक की अध्यक्षता की थी।

### आदिवासी युवक पर पेशाब करने का मामला

# मुख्यमंत्री चौहान ने युवक के पैर धोए, माफी मांगी

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पेशाब घटना के पीड़ित युवक के गुरुवार को पैर धोए और उससे माफी मांगी। चौहान ने कहा कि वह इस घटना से दुखी हैं। उन्होंने भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पर फर्श पर बैठकर आदिवासी युवक दशमत रावत के पैर धोए। उन्होंने युवक को 'सुदामा' बुलाया और कहा, 'दशमत', अब तुम मेरे मित्र हो। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान चौहान ने उसके साथ विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की, खासकर यह जानने के लिए कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उस तक पहुंच रहा है या नहीं। इससे पहले मुख्यमंत्री और आदिवासी युवक ने मिलकर यहां स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण किया।



### पैर धोने के नौटंकी अब नहीं चलेगी: कमलनाथ

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पेशाब कांड के पीड़ित आदिवासी युवक के पैर धोना कैमरों के सामने किया जाने वाला महज एक नाटक है और इससे उनके कार्यकाल के दौरान किए गए 'पाप' नहीं धुलेंगे। उन्होंने कहा, 'शिवराज जी जितनी नाटक-नौटंकी कर लें और अपना 18 साल का पाप धोने का प्रयास कर लें। पाप नहीं धुलता। अगर उनकी सच्ची आत्मा होती तो वो कैमरा बुलाकर नहीं दिखाते। कैमरे की नौटंकी इन्होंने 18 साल कर ली है, अब ये चलने वाली नहीं है।

**क्या था मामला**

सीधी जिले में आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करने के आरोपी प्रवेश शुक्ला को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया था। एक अधिकारी ने पहले कहा था कि आरोपी शुक्ला के खिलाफ कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई भी शुरू की गई है। घटना का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ, जिसके बाद पुलिस ने शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### जाखड़ ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था



*अमृतसर। भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के नव नियुक्त प्रमुख सुनील जाखड़ ने गुरुवार को स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। जाखड़ को पठानकोट से विधायक अश्विनी शर्मा के स्थान पर पंजाब प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जाखड़ ने कहा कि वह ईश्वर का आभार व्यक्त करने और आशीर्वाद लेने आए हैं। जाखड़ पहले कांग्रेस में थे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के कुछ महीने बाद मई 2022 में भाजपा का दामन थाम लिया था। वह तीन बार विधायक और गुरदासपुर से सांसद भी रहे थे।*

*-पीटीआई*

### पूर्वी-पूर्वोत्तर भारत के भाजपा नेताओं की गुवाहाटी में बैठक

# असम में जुटे 12 राज्यों के बीजेपी के नेता, चुनावी रणनीति पर किया मंथन

एजेंसी | गुवाहाटी

अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं ऐसे में अभी से सभी पार्टियां अपनी-तैयारियों में जुट गई हैं। एक ओर जहां भाजपा के विपक्षी दल सत्ताधारी पार्टी को हराने के लिए विपक्षी एकता बनाने की कोशिशों में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा भी अपनी रणनीति बनाने में लगी है। इसी को लेकर पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के 12 राज्यों के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने गुवाहाटी में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव पर रणनीति को लेकर मंथन किया गया। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी. एल. संतोष, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और पार्टी के कई सांसद तथा विधायक और राज्य इकाई के अध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल हुए हैं। असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता ने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में जून में आयोजित एक महीने तक चलने वाले 'महा जन संपर्क अभियान' के असर को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक से पहले भाजपा नेताओं ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### आज दिल्ली, कल हैदराबाद में मीटिंग

भाजपा के अन्य जोन की बैठकें भी आगामी दो दिनों में प्रस्तावित हैं। भाजपा के उत्तरी, मध्य और पश्चिमी राज्यों के नेताओं की मीटिंग सात जुलाई को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर के राज्यों की रणनीति पर चर्चा होगी। दक्षिणी राज्यों के नेताओं की बैठक आठ जुलाई को हैदराबाद में होगी।

### पूर्वोत्तर राज्यों में हैं 25 लोस सीटें

पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में कुल 25 लोकसभा सीटें हैं। इनमें असम में सबसे ज्यादा 14 सीटें हैं। वहीं, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम में एक-एक सीट है। वहीं, पूर्वी राज्यों की बात करें तो पश्चिम बंगाल में 42 सीटें, बिहार में 40 सीटें, ओडिशा में 21 और झारखंड में 14 सीटें हैं।

### बीजेपी के राज में 'प्रश्न प्रदेश' से उत्तर प्रदेश बना राज्य: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि छह साल पहले उत्तर प्रदेश को 'प्रश्न प्रदेश' के नाम से जाना जाता था, मगर भाजपा के शासन में आज इस राज्य के पास हर प्रश्न का उत्तर है। योगी ने यहां कुल 1148 उपनिरीक्षकों तथा सहायक उपनिरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद अपने संबोधन में दावा किया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश के नाम से जाना जाता था, लेकिन पिछले छह वर्षों के भाजपा के कार्यकाल के दौरान यह राज्य भारत के विकास इंजन के रूप में उभरा है और यह प्रश्न प्रदेश से उत्तर प्रदेश बन गया है। मुख्यमंत्री ने राज्य की बेहतर कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ है और राज्य से संगठित अपराध लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि अब, राज्य में कोई आतंकवादी घटना नहीं होती है, हमने बिना किसी विवाद के एक सप्ताह के भीतर धार्मिक स्थलों से 1.20 लाख से अधिक लाउडस्पीकर हटा दिए। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में त्योहारों के दौरान दहशत का माहौल होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। सड़क पर नमाज नहीं तो हनुमान चालीसा भी नहीं। आम आदमी को किसी भी प्रकार की बाधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।



# हजारों भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

## कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा के लिए एक और जत्था जम्मू से रवाना

**एजेंसी** | जम्मू

दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में स्थित अमरनाथ मंदिर के लिए 6,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का सातवां जत्था गुरुवार को तड़के जम्मू शहर से कश्मीर स्थित आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों की संख्या 65 हजार के पार जा चुकी है। गुरुवार को तड़के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 272 वाहनों के काफिले में 5,053 पुरुष, 1,375 महिलाओं, 101 संतों और 25 बच्चों सहित कुल 6,554 तीर्थयात्री यहां भगवती नगर आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हुए। पहलगाम की ओर जाने वाले 3,864 तीर्थयात्री 141 वाहनों के काफिले में घाटी के लिए रवाना हुए, जबकि 2,690 तीर्थयात्रियों को लेकर 131 वाहनों का एक और काफिला तड़के करीब साढ़े तीन बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

### 31 अगस्त को संपन्न होगी यात्रा

हिमालयी क्षेत्र में 3,888 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा एक जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई। 30 जून से जम्मू आधार शिविर से 36,823 तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 30 जून को श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह यात्रा 31 अगस्त को संपन्न होगी।

### तीर्थयात्रियों की संख्या पहुंची 65 हजार के पार





### अमरनाथ श्रद्धालुओं के लिए जीवनरेखा बना लंगर

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के जोर पकड़ने के साथ जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर श्रद्धालुओं की गतिविधि का प्रमुख केंद्र बन गया है। दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा की 62-दिवसीय यात्रा पर जाने वाले हजारों श्रद्धालु इस शिविर में ठहरते हैं। कोई श्रद्धालु भूखा न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए यहां कई लंगर लगते हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए जीवनरेखा की तरह हैं। समूचे जम्मू में 30 लंगर (सामुदायिक रसोई) हैं, जहां हर दिन देशभर से आए करीब चार से पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं की जरूरतों का ख्याल रखा जाता है। लंगर उदारता की भावना का प्रतीक हैं, जहां मुफ्त शाकाहारी भोजन प्रदान किया जाता है और विभिन्न क्षेत्रों की पाक विविधता को प्रदर्शित किया जाता है।

## जरूरी खबर

### भारत-अमेरिका की नौ सेनाओं ने किया सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की नौ सेनाओं ने कोच्चि में 11 दिवसीय सैन्य अभ्यास किया। भारतीय नौ सेना ने कहा कि बचाव और विस्फोटक आयुध निपटान अभ्यास का 7वां संस्करण समाप्त हो गया। दोनों नौ सेनाएं 2005 से इस संयुक्त अभ्यास में भाग ले रही हैं। भारतीय नौ सेना ने बयान में कहा कि दोनों देशों के गोताखोर दलों ने समुद्री बचाव के संबंध में अनुभव साझा किए। जमीन के साथ समुद्री क्षेत्र में भी ईओडी संचालन के विभिन्न पहलुओं में एक साथ प्रशिक्षण लिया।

### तीन करोड़ के सोने के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर तीन करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के सोने को अपने मलाशय में छिपाकर उसकी कथित तस्करी करने का आरोप है। तीनों आरोपी अलग-अलग उड़ानों से यहां आए थे। तीनों ने सोने को पेस्ट के रूप में अपने मलाशयों में छुपा रखा था। दिल्ली पहुंचने पर दो लोगों ने शरीर में से सोने को निकालकर हवाई अड्डे के आगमन वाले स्थान पर बने शौचालय के टैंक में छुपा दिया। तीसरे ने विमान के शौचालय में सोने को छुपाया था।

## चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग पर फोकस

# ISRO का ऐलान-14 जुलाई को लॉन्च होगा चंद्रयान-3

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग की तारीख का ऐलान कर दिया है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले एजेंसी ने 12 से 19 जुलाई के बीच तिथि तय की थी। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत इसरो 23 अगस्त या 24 अगस्त को चंद्रमा पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' का प्रयास करेगा। अंतरिक्ष के क्षेत्र में ये भारत की एक और बड़ी कामयाबी होगी। चंद्रयान-2 के बाद इस मिशन को चंद्रमा की



सतह पर सुरक्षित लैंडिंग के लिए भेजा जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन आखिरी चरण में विफल हो गया था। उसका लैंडर पृथ्वी की सतह से झटके के साथ टकराया था, जिसके बाद पृथ्वी के नियंत्रण कक्ष से उसका संपर्क टूट गया था। चंद्रयान-3 को उसी अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए भेजा जा रहा है।

इसरो के अधिकारियों के मुताबिक, चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही अगला चरण है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और परीक्षण करेगा। यह चंद्रयान-2 की तरह ही दिखेगा, जिसमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर होगा। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए हैं। एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है। जिन वजहों से चंद्रयान-2 मिशन चंद्रमा की सतह पर उतरने में असफल हुआ, उन पर फोकस किया गया है।

### सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश होगा भारत



इससे पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया था कि श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में चंद्रयान-3 युक्त एनकैप्सुलेटेड असेंबली को एलवीएम3 के साथ जोड़ा गया। यह मिशन भारत को अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बना देगा।

## साइनबोर्ड का किया अनावरण

# औरंगजेब लेन का नाम एपीजे अब्दुल कलाम लेन रखा




**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली की औरंगजेब लेन का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लेन कर दिया गया है। यह लेन मध्य दिल्ली में अब्दुल कलाम रोड को पृथ्वी राज रोड से जोड़ती है।

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों ने गुरुवार को भारत के 11वें राष्ट्रपति कलाम के नाम वाले एक साइनबोर्ड का अनावरण किया। एक अधिकारी के अनुसार, लेन का नाम बदलने की मंजूरी 28 जून को हुई, एनडीएमसी सदस्यों की बैठक में दे दी गई थी।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने भी पिछले सप्ताह घोषणा कर इसकी जानकारी साझा की थी। इससे पहले 2015 में परिषद ने औरंगजेब रोड का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कर दिया था।

## इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी** | सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण बस्तर बटालियन नंबर एक में सक्रिय नक्सली कवासी भीमे ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला नक्सली पर आठ लाख रुपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि महिला नक्सली ने पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह, नई शुरुआत) से प्रभावित होकर तथा माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़ने तथा समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि महिला नक्सली के खिलाफ क्षेत्र में पुलिस दल पर हुए हमलों की घटना में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली महिला नक्सली को प्रोत्साहन के रूप में 10 हजार रुपए प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि उसे राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता प्रदान की जाएगी।

## कावड़ियों पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बरसात

**एजेंसी** | हरिद्वार

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप कांवड़ मेले के तीसरे दिन गुरुवार को यहां शिवभक्तों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा के दौरान जैसे ही हेलिकॉप्टर हर की पैड़ी पर पहुंचा, कांवड़ियों के 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस वर्ष चार करोड़ से अधिक कांवड़ियों के आने का अनुमान है, जिसे देखते हुए पुलिस और प्रशासन काफी मुस्तैद है। एक पखवाड़े तक चलने वाली कांवड़ यात्रा में शिवभक्त यूपी, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली आदि राज्यों से पैदल यात्रा कर यहां पहुंच रहे हैं।



## कैंपस की स्थापना के लिए MOU पर हस्ताक्षर

# IIT मद्रास का विदेश में पहला परिसर जंजीबार-तंजानिया में होगा स्थापित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत से बाहर विदेश में पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जंजीबार-तंजानिया में स्थापित किया जाएगा और इसके लिए दोनों देशों के बीच एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, जंजीबार-तंजानिया में आईआईटी मद्रास का परिसर स्थापित करने के लिए भारत के शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी मद्रास और तंजानिया के शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय के बीच एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर जंजीबार के राष्ट्रपति डॉ. हुसैन



अली मिविन्यी और विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया, 'आईआईटी मद्रास का जंजीबार परिसर स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने का साक्षी बना। इस अवसर पर राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली मिविन्यी, अन्य मंत्रियों की उपस्थिति के लिए आभार।' विदेश मंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम वैश्विक दक्षिण क्षेत्र को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह परिसर भारत और तंजानिया के बीच दीर्घकालिक मित्रता को प्रदर्शित करता है और अफ्रीका एवं वैश्विक दक्षिण क्षेत्र के लोगों के साथ संपर्क बढ़ाने को लेकर भारत की दृष्टि को दर्शाता है। केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का भारत से बाहर विदेश में पहला परिसर जंजीबार-तंजानिया में स्थापित करने संबंधी समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने का स्वागत किया और इसे उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में 'ऐतिहासिक शुरुआत' बताया। प्रधान ने कहा कि इस कदम से दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत बनाने और अफ्रीका के लोगों के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

### अक्टूबर 2023 में कार्यक्रम शुरू करने की योजना

शिक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, तंजानिया और भारत के बीच सामरिक गठजोड़ को मान्यता देते हुए इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करके शिक्षा सहयोग के संबंधों को औपचारिक रूप दिया गया है। इसमें जंजीबार-तंजानिया में आईआईटी मद्रास का प्रस्तावित परिसर स्थापित करने को लेकर रूपरेखा प्रदान की गई है। इसमें अक्टूबर 2023 में कार्यक्रम शुरू करने की योजना है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस परिसर में दाखिला लेने वाले छात्रों को आईआईटी मद्रास की डिग्री




प्रदान की जाएगी। इसके तहत अत्याधुनिक अंतःविषयी डिग्री से एक व्यापक समूह को आकर्षित करने की उम्मीद है और इसमें तंजानिया और अन्य देशों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इसमें भारतीय छात्र भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

## मिस राजस्थान के 25वें संस्करण की हुई शुरुआत, 6 अगस्त को होगा ग्रैंड फिनाले

# गुलाबी रैंप पर पिंक कलेक्शन का जलवा









**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर, उदयपुर, जोधपुर जैसे प्रदेश के बड़े शहरों के साथ गांव-ढाणियों से निकलकर गुलाबी नगरी के रैंप पर मॉडल्स आई तो हर किसी की आंखों में ताज पहनने का ख्वाब था। उत्साह और आत्मविश्वास के साथ उन्होंने वॉक की और टॉप फाइनलिस्ट की घोषणा की गई। नजारा था फ्यूजन ग्रुप के मिस राजस्थान के 25वें संस्करण की शुरुआत का। ब्यूटी पेजेंट के टाइटल मिस राजस्थान के लिए फाइनल जंग शुरू हुई, जिसमें अलग-अलग राउंड के ऑडिशन में अपना लक आजमाया और इन्ही में से 28 गर्ल्स का फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया। आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि फिनाले 6 अगस्त को बिड़ला सभागार में होगा। साथ ही अब एक महीने तक फाइनल कंटेस्टेंट की ग्रूमिंग की जाएगी। गुरुवार को ऑफिशियल सेश सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित सुरेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सफारी ग्रुप के पवन गोयल, एक्स मेयर ज्योति खंडेलवाल, जेडी माहेश्वरी, मिस राजस्थान के संरक्षक राज बंसल और मुकेश मिश्रा ने 28 फाइनलिस्ट का अनाउंसमेंट किया।

### ये हैं फाइनलिस्ट

प्रीति यादव, वैष्णवी शर्मा, यवी कुमावत, खुशी तंवर, नीरज यादव, सोनिया मीना, रुशाली वर्मा, मुस्कान शर्मा, यशिका शेखावत, भार्गवी धाबाई, अक्षिमा शुक्ला, आस्था चौधरी, भारती कुमावत, तनिष्का शर्मा, दीक्षा यादव, ऐश्वर्या खत्री, आकांक्षा चौधरी, पलक साबू, ईशा खंडेलवाल, गरिमा महावर, अदिति शर्मा, सेजल शर्मा, उत्सव हाड़ा, ओरजाला, पल्लवी जोशी, लक्षिता राठौड़, अंकिता चौधरी, दिशा सिंह फाइनलिस्ट चुनी गईं।

### इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स करेंगे ग्रूम

फाइनलिस्ट को टीजीपीसी के दीपक शाही और सेरीना द्वारा ग्रूमिंग क्लासेस व ग्लामानंद सुपरमॉडल के डायरेक्टर निखिल आनंद के द्वारा ब्यूटी पेजेंट्स को किस तरीके से क्वालिफाई किया जाए, इस पर सेशन दिए जाएंगे। साथ ही पेजेंट इनोवेशन के डायरेक्टर मलिक ईसानी वर्ल्ड पेजेंट्री के बारे में जानकारी देंगे। वर्कशॉप के जरिए कोकोबेरी की डायरेक्टर अंजली राउत व अलीशा राउत फाइनलिस्ट को एक्सपर्ट्स टिप्स देंगे और इंटरनेशनल एक्सपोजर के बारे में बताएंगे। इस मौके पर पिछले साल मिस राजस्थान बनी तरुशी राय ने अपने बताया कि इस टाइटल को जीतने के बाद मेरी पहचान देश में होने लगी है।

### पिंक कलेक्शन में की वॉक

कार्यक्रम की शुरुआत में स्टूडेंट्स के पिंक कलेक्शन को पहनकर मॉडल्स ने रैंप पर एंट्री की। अब एक महीने के कार्यक्रमों में राजस्थान टूरिज्म और कल्चर को ये प्रमोट करेंगी। टूरिज्म को प्रोमोट करने के लिए मिस राजस्थान ऑर्गेनाइजेशन ने कदम उठाया है। 2022 टॉप 5 तरुशी राय, प्रियन सेन, परिधि शर्मा, रिया जाखड़, संजना शर्मा ने बताया कि इस बार राजस्थान के मोन्यूमेंट्स पर फाइनलिस्ट का स्पेशल ट्रेडिशनल अटायर में फोटो शूट होगा, जिसे सोशल मीडिया और विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए प्रोमोट कर यहां की खूबसूरती दुनिया तक पहुंचाई जाएगी।

## प्रदेश मंत्री नागर का स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व विधायक हीरालाल नागर के भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश मंत्री बनाए जाने के बाद जयपुर पहुंचने पर समाज समिति अध्यक्ष अधिवक्ता महेश धाकड़ के नेतृत्व में समाज बंधुओं ने राजस्थान उच्च न्यायालय में उनका स्वागत किया। नागर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने जयपुर पहुंचे थे। महेश धाकड़ ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में धाकड़ समाज को प्रतिनिधित्व मिलने से समाज में उत्साह का माहौल है। इस मौके पर समिति के महामंत्री विजय सिंह धाकड़, उपाध्यक्ष व युवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बीएल धाकड़, युवा संघ के प्रदेश प्रवक्ता श्रीराम धाकड़, युवा संघ के अध्यक्ष व हाइकोर्ट बार सदस्य जगदीश नागर, डिस्ट्रिक्ट बार सदस्य गजेंद्र धाकड़, समाज के प्रबुद्धजन डॉ. अमर सिंह धाकड़, बच्चू सिंह धाकड़, माधो सिंह धाकड़, जैमनी, दीक्षित,धनेड़ा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## रवींद्र मंच पर आज 'गार्गी'

**बेधड़क. जयपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव पर कला साहित्य संस्कृति व पुरातत्व विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर के तहत शुक्रवार शाम 6:30 बजे नाटक 'गार्गी' का मंचन किया जाएगा। कलावत केएल लिखित व निर्देशित नाटक गार्गी की विद्वता पर आधारित है। जनक के दरबार में ऋषि याज्ञवल्क्य से शास्त्रार्थ कर अपने ज्ञान की क्षमता का परिचय देती है। इसी शास्त्रार्थ के कारण गार्गी अपने क्षेत्र ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में नाम कर गई। नाटक में जीवन के कई प्रकार के पहलुओं, समस्याओं, महिला आत्मरक्षा, पारिवारिक जीवन व प्राकृतिक, भौतिक आदि कई विभिन्न प्रकार के प्रश्नों पर प्रकाश डाला जाएगा।

## भा रहा साउथ इंडियन कुजिन



**बेधड़क. जयपुर।** फूड लवर्स साउथ इंडिया के ऑथेंटिक व यूनीक कुजिन का लुत्फ उठाएंगे। अवॉर्ड विजेता साउथ इंडियन फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट 'बनाना लीफ' अब स्वादिष्ट व विशेष कलिनरी एक्सपीरियंस के साथ जयपुराइट्स के लिए तैयार है। मुंबई में साउथ इंडियन कुजीन के लिए फेमस 'बनाना लीफ' अब जयपुर में चटोरों को लुभा रहा है। मुलगई इडली से लेकर मुरुगन पोडी डोसा और सुगंधित दक्षिण भारतीय फिल्टर कॉफी तक यंगेस्टर्स को लुभा रही है। इंडस फूड्स के पार्टनर नंदन होनावर ने कहा कि जयपुराइट्स के लिए हम तैयार हैं।

# City इवेंट्स

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का दूसरी बार उपाध्यक्ष बनने पर विद्याधर नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की ओर से कौशल फार्म हाउस पर शॉल ओढ़ाकर एवं साफा बंधाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर पार्षद दिनेश कांवट पार्षद शेर सिंह धाकड़, पार्षद रमेश गुप्ता, पार्षद बाबूलाल शर्मा, पूर्व पार्षद कौशल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल महामंत्री प्रदीप अग्रवाल, सरना डूंगर इंडस्ट्रियल एरिया अध्यक्ष कल्याण सहाय सैनी, राजेश कौशिक बेगाराम, मुकेश शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शपथ ग्रहण समारोह 9 को

**बेधड़क. जयपुर।** अग्रवाल समाज समिति मुरलीपुरा द्वारा 9 जुलाई को सुबह 10 से 2 बजे तक मुरलीपुरा स्थित श्री कृष्णा पैलेस मैरिज में रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श और जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के महामंत्री मक्खन लाल कांडा ने बताया कि इस अवसर पर शाम को नवनियुक्त अग्रवाल समाज समिति मुरलीपुरा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शाम 7:00 बजे एवं सामूहिक गोठ का आयोजन शाम 7:30 बजे किया जाएगा।

## 'तेरे रंग सा' करेगा रोमांस में सरोबार



**बेधड़क. जयपुर।** एक बार फिर यूएसए क्यूब प्रोडक्शंस का प्रोजेक्ट रोमांटिक सॉन्ग 'तेरे रंग सा' सरोबार करेगा। विकास शर्मा 'विक्ज' के लिखे गाने को सोमेश्वर महादेवन ने संगीत में ढाला है और आवाज गायक पबन के शर्मा ने दी और सोमेश्वर ने उनका साथ निभाया। सोमेश्वर ने बताया कि इस बार 90 के दशक के गानों की छवि गाने में दिखेगी। 90 के दशक के गानों में अलग ही अंदाज और संगीत में मधुरता और मिठास होती थी।

## ट्रेड एक्सपो में राज. फाउंडेशन ने किया प्रतिनिधित्व

# प्रदेश के उद्योगों को मिलेंगे नए मौके, बनेगी वैश्विक पहचान



**बेधड़क | जयपुर**

राज्य के उद्योगों को निर्यात के लिए पूर्वी अफ्रीकी देशों में बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्या की राजधानी नैरोबी में 7 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 में प्रदेश के विभिन्न उद्योग श्रेणी के 175 उद्यमियों ने भाग लिया। इसका उद्घाटन केन्या के प्राइम कैबिनेट सेक्रेटरी ने किया। राजस्थान सरकार की ओर से एक्सपो में प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिसमें राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव के साथ आरईपीसी व राजसिको चैयरमेन राजीव अरोड़ा, आरएसआईसीएल एमडी मनीषा अरोड़ा, आरईपीसी के सीईओ पीआर शर्मा, फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ केन्या अध्यक्ष डॉ. सोनवीर सिंह सहित विभिन्न प्रवासी एसोसिएशन्स के प्रतिनिधि व कई देशों के उद्यमी शामिल हुए। इस मौके पर श्रीवास्तव ने कहा कि केन्या सरकार व आरईपीसी और फोर्टी के संयुक्त प्रयास भारत और पूर्वी अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक संबंधों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। एक्सपो से केन्या व अन्य पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्रों के उद्यमियों और प्रवासी राजस्थानियों को व्यवसाय में उत्कृष्ट अवसर मिलेंगे। आरईपीसी चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश के उद्योगों को पूर्वी अफ्रीकी देशों में निर्यात करने के लिए न केवल नवीन अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि उत्पादों की वैश्विक पहचान कायम होगी।

## श्योपुर के चांदनी गार्डन में हुई धर्म सभा

# चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में विनीत सागर का मंगल प्रवेश



**बेधड़क | जयपुर**

प्रतापनगर के श्योपुर स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार को दिगम्बर जैन आचार्य विनीत सागर महाराज का शोभायात्रा के साथ चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ। संरक्षक अशोक पापड़ीवाल और अध्यक्ष बाबूलाल पाटनी ने बताया कि पिंजरापोल गौशाला के बाहर से आचार्य का जुलूस रवाना हुआ जो विभिन्न मार्गों से होते हुए श्योपुर के चांदनी गार्डन पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो गया। धर्म सभा में समाजश्रेष्ठी अशोक-प्रेम लता बाकलीवाल, अंकित-दिव्या, देवांश बाकलीवाल ने आचार्य का पाद पक्षालन किया। साथ में विनोद जैन कोटखावदा, प्रदीप जैन, सुरेन्द्र जैन, मुन्ना देवी वैद, पुष्पा सोनी,रंजना बाकलीवाल,सुनिता जैन रहे। मंगलाचरण अमिता साह आबूजीवाले, दिव्या बाकलीवाल एवं उनकी टीम ने किया। समाजश्रेष्ठी राज कुमार, दीपक-दीपा गोधा काशीपुरा वालों ने आचार्य को शास्त्र भेंट किया। इससे पूर्व चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन निर्मला देवी दीक्षांत हाडा ने किया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संयुक्त मंत्री धीरज पाटनी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन,चेतन जैन निमोडिया, जिनेन्द्र जैन जीतू, राजीव जैन लाखना आदि शामिल हुए। मंच संचालन अनिल पाटनी,इन्दु दोषी ने किया। धर्म सभा के बाद आचार्य का मंदिर जी में मंगल प्रवेश हुआ।

**सेवा विस्तार** | 400 जरूरतमंदों को प्रथम जियो भारत फोन निशुल्क वितरित

# जियो भारत फोन की प्रदेश में एंट्री, प्रार्थना के साथ लॉन्च

**बेधड़क | जयपुर**

जियो भारत V2 फोन अब राजस्थान के बाजार में भी आ गया है। प्रदेश के करीब 1.5 करोड़ 2G ग्राहकों को 4G से जोड़ने के लिए गुरुवार को विभिन्न शहरों में धार्मिक स्थलों पर विधिवत प्रर्थना के साथ यह फोन लॉन्च किया गया।

इस मौके पर 400 जरूरतमंद लोगों को प्रथम जियो भारत फोन निशुल्क वितरित कर उन्हें 2G नेटवर्क से 4G नेटवर्क पर अपग्रेड किया गया। इसके साथ ही यह फोन अब राजस्थान के 600 छोटे-बड़े शहरों में उपलब्ध हो गया है। प्रथम चरण में, उपभोक्ता इन शहरों की 50,000 से अधिक दुकानों और रिलायंस व जियो के 475 स्टोर्स से जियो भारत फोन खरीद सकते हैं।

### आधा जीबी रोज मिलेगा डाटा

'जियो भारत V2' 999 रुपए में उपलब्ध है। इसका मासिक प्लान भी सस्ता है। ग्राहकों को 28 दिन की वैलिडिटी वाले प्लान के लिए मात्र 123 रुपए चुकाने होंगे। इसके अलावा 'जियो भारत V2' के ग्राहकों को कंपनी 14 जीबी 4जी डेटा देगी यानी आधा जीबी प्रति दिन। 'जियो भारत V2' पर वार्षिक प्लान भी है, जिसके लिए ग्राहक को 1234 रुपए चुकाने होंगे।



### सिनेमा भी देखने को मिलेगा

यह फोन देश में निर्मित है। वहां मात्र 71 ग्राम वजनी 'जियो भारत V2' में एचडी वॉयस कॉलिंग, एफएम रेडियो, 128 जीबी का एसडी मेमोरी कार्ड सपोर्ट जैसे फीचर हैं। मोबाइल में 4.5सेंमी. की टीएफटी स्क्रीन, 0.3 मेगापिक्सल का कैमरा, 1000 एमएएच की बैटरी, 3.5 एमएम का हेडफोन जैक, पावरफुल लाउडस्पीकर और टार्च मिलती है। 'जियो भारत V2' मोबाइल के ग्राहकों को जियो सिनेमा के सब्सक्रिप्शन के साथ जियो-सावन के 8 करोड़ गानों का एक्सेस भी मिलेगा। ग्राहक जियो-पे के जरिए यूपीआई पर लेनदेन भी कर सकेंगे। भारत की कोई भी प्रमुख भाषा बोलने वाला ग्राहक 'जियो भारत V2' में अपनी भाषा में काम कर सकेगा। यह मोबाइल 22 भारतीय भाषाओं में काम कर सकता है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 07 जुलाई, 2023





जीवन में कठोरता कई स्थितियों में सही होती है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल में प्रदर्शन: पीएम नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन पर पानी की बौछार...



*तेल अवीव। इजराइली पुलिस ने बुधवार को तेल अवीव शहर में न्यायिक प्रणाली में सुधार करने की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की योजनाओं के विरोध के दौरान फ्रीवे को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार (वाटर कैनन) का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारी तेल अवीव के समर्थन में सड़कों पर उतर आए। बता दें, इसी दिन पुलिस प्रमुख ने भी अपने इस्तीफे की घोषणा की। -पीटीआई*

### सेना मुख्यालय पर हमला करवाने का आरोप...

# 150 मामलों में फंसे इमरान खान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पीटीआई चीफ इमरान खान का नाम एक के बाद केस में सामने आ रहा है। 9 मई को रावलपिंडी में पाक सेना के जनरल मुख्यालय पर बड़े हमले के लिए इमरान का नाम छह मामलों में आया है। जिनमें सख्त आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत तीन मामले शामिल हैं।

रावलपिंडी में 9 मई को आगजनी, तोड़फोड़ और जीएचक्यू गेट पर हमले का मामला दर्ज किया गया है, जिसमें इमरान खान का भी नाम है। मामले में पूर्व प्रांतीय मंत्री राजा बशारत सहित पंद्रह लोगों के खिलाफ केस पहले ही दर्ज किया चुका है। उनके खिलाफ 9 मई को तीन और 10 मई को तीन मामले दर्ज हुए थे। उनको फैसलाबाद और रावलपिंडी में दर्ज दो मामलों में नामित किया गया था, उन्हें गुजरांवाला और मियांवाली में एक-एक मामले में भी नामित किया गया है।



### जेआईटी कर रही है सभी मामलों की जांच

पाक मीडिया ने सूत्रों के हवाले से कहा कि संयुक्त जांच दल (जेआईटी) सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले और मेट्रो स्टेशन पर आगजनी की घटना सहित सभी मामलों की जांच कर रहे हैं। इनमें से तीन मामले इमरान खान के खिलाफ 9 मई को, जबकि अन्य तीन 10 मई को आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) के तहत दर्ज किए गए थे। भ्रष्टाचार के एक मामले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर से उनकी नाटकीय गिरफ्तारी के बाद 9 मई को देश भर में भड़की हिंसा के बाद इमरान की पार्टी मुश्किल में फंस गई है।

### इमरान को हिरासत में लेते ही हुआ था बवाल

पिछले साल अप्रैल में सत्ता से बाहर होने के बाद से इमरान खान कथित तौर पर देश भर में 150 मामलों का सामना कर रहे हैं। एनएबी की तरफ से गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटों बाद इमरान खान की पार्टी के समर्थकों ने लाहौर में कोर कमांडर के घर पर भी कथित तौर पर हमला किया और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस घर को जिन्ना हाउस के नाम से जाना जाता था। हिंसा में 20 से अधिक नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया गया, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए। जब हिंसा हुई तब खान हिरासत में थे।

### भारत और रूस ने खोजा चीनी युआन का तोड़...

# खाड़ी देश से मिलेगी मदद!

**एजेंसी** | मॉस्को

भारत की कुछ रिफाइनरियां रूस को क्रूड ऑयल की पेमेंट चीनी मुद्रा युआन में कर रही हैं। इससे चीन काफी ज्यादा खुश है। उसे यह लगने लगा है कि युआन जल्द ही वैश्विक मुद्रा कहे जाने वाले अमेरिकी डॉलर का विकल्प बन सकता है।

भारत ने शुरुआत में ही साफ कर दिया था कि यह सिर्फ चंद दिनों के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था है। ऐसे में भारत और रूस ने चीनी मुद्रा युआन की काट को लगभग खोज लिया है। इस बीच एक प्रमुख रूसी आर्थिक टिप्पणीकार ने बुधवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा दिरहम पर भारत-रूस व्यापार के लिए विचार किया जा सकता है। रूस के लिए तीसरी मुद्रा की आवश्यकता इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि यूक्रेन पर हमले के कारण पश्चिमी देशों ने कई कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस कारण रूस चाहकर भी अमेरिकी डॉलर में व्यवसाय नहीं कर सकता है।



### यूएई के दिरहम को अपना सकते हैं दोनों देश

उन्होंने कहा कि हमने इस उद्देश्य के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दिरहम पर भी विचार किया। शायद संयुक्त अरब अमीरात के दिरहम का उपयोग हमारे व्यापार संबंधों के लिए किया जा सकता है। इस हफ्ते की शुरुआत में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी ऊर्जा कंपनियों को चीनी युआन में भुगतान करना शुरू कर दिया है। रूस अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए जरूरी स्विफ्ट सिस्टम से भी बाहर है।

### भारत-रूस में भुगतान की तीसरी मुद्रा है युआन

हाल ही में संपन्न एससीओ के वर्चुअल समिट में भारत और रूस के विशेषज्ञों की बातचीत में बोलते हुए नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी के हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर लुज्यानिन ने कहा कि रूस को अपने तेल आयात के लिए भारत से भुगतान लेने के लिए चीनी युआन में समझौता करना पड़ा, क्योंकि मॉस्को को भारतीय रुपया अस्थिर लगा। रूस व भारत के हालिया लेनदेन के लिए युआन को भुगतान के लिए तीसरी मुद्रा माना गया था। भारतीय रुपए को अस्थिर माना जाता था और इसीलिए युआन को तीसरी मुद्रा के रूप में चुना गया था।

### यूक्रेन के पश्चिमी कोने में लवीव पर भी बरस रहीं रूसी मिसाइलें...

# हमले में 5 की मौत... हुआ भारी नुकसान

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन पर रूस के हमले लगातार जारी हैं। पूर्व से लेकर पश्चिम और राजधानी कीव तक, रूस की मिसाइलें पूरी यूक्रेन में बरस रही हैं। पश्चिमी यूक्रेन के शहर लवीव में रूसी मिसाइल से किए गए हमले में पांच लोग मारे गए और आठ लोग घायल हो गए। लवीव के मेयर ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मेयर एंड्री सदोवयी ने कहा कि हमले वाली जगह पर करीब 60 अपार्टमेंट और 50 कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आपात सेवा के कर्मी मलबे में फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। सदोवयी ने एक वीडियो मैसेज में कहा कि पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से लवीव के नागरिक बुनियादी ढांचे पर यह सबसे बड़ा हमला था। देश के पूर्वी हिस्से से हजारों लोग सुरक्षा की खातिर लवीव में शरण लिए हुए हैं। यूक्रेन और रूस ने विश्व के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक पर हमले की तैयारी करने का बुधवार को एक-दूसरे पर आरोप लगाया। हालांकि दोनों पक्षों में से किसी ने भी इस खतरे के अपने दावे के समर्थन में सबूत मुहैया नहीं कराए।



### धरती पर लगातार रिकॉर्ड गर्मी दर्ज

**न्यूयॉर्क**। धरती का औसत तापमान बुधवार को लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर दर्ज किया गया। सोमवार को वैश्विक औसत तापमान रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर था और मंगलवार को इससे भी अधिक दर्ज हुआ। पृथ्वी का औसत तापमान सोमवार को 17.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो मंगलवार को बढ़कर 17.18 डिग्री हो गया। 'क्लाइमेट रीएनालाइजर' उपग्रह डेटा और कंप्यूटरीकृत गणना के आधार पर विश्व के तापमान को मापता है।

### इजराइल में पैसे कमाने के जुर्म में एक्शन...

# पांच पाकिस्तानी किए गिरफ्तार

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में 5 लोगों को महज इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया है क्योंकि वे इजराइल जाकर काम कर रहे थे।

इन लोगों ने 7 साल तक इजराइल में काम किया था और इसकी सजा के तौर पर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके खिलाफ देश के पासपोर्ट और इमिग्रेशन कानून के तहत केस चल रहा है। पाकिस्तान की जांच एजेंसी FIA ने इन्हें सिंध के मीरपुर खास शहर से अरेस्ट किया था। ये इजराइल जाकर हेल्पर और कार वॉशर के तौर पर काम करते थे। ये लोग तेल अवीव में नौकरी कर रहे थे। इन पाकिस्तानियों ने तेल अवीव में 4 से 7 साल तक नौकरी की थी। इन लोगों ने इजराइली एजेंट्स को एंट्री कराने के लिए 1200 से 1500 डॉलर तक की रकम दी थी। तुर्की, केन्या और श्रीलंका समेत कई देशों में होते हुए ये लोग इजराइल गए थे। आरोप है कि ये इजरायल से परिवार के लोगों को रकम भी भेजते थे। यही नहीं इजराइल से जॉर्डन और दुबई के रास्ते ये लोग कराची आया करते थे।




### खुल गया Blood Falls का रहस्य

# खून-सा लाल क्यों है ग्लेशियर का पानी!

**एजेंसी** | बेंगलुरू

लंदन। सफेद बर्फ की चादर ओढ़े अंटार्कटिका के क्षितिज पर लाल रंग नजर आना अपने आप में बड़ा रहस्य है। सन् 1911 में अंटार्कटिका में एक ब्रिटिश अभियान के दौरान रिसर्चर्स यह देखकर चौंक गए कि एक ग्लेशियर से ढंकी झील से खून की तरह लाल रंग का पानी बह रहा है।

लाल रंग की इस झरने को वैज्ञानिकों ने उस समय 'ब्लड फॉल्स' के तौर पर परिभाषित किया। विशेषज्ञों को यह पता लगाने में एक सदी से ज्यादा का समय लग गया कि वास्तव में इस भयानक रंग का कारण क्या है। अब कहा जा रहा है कि वैज्ञानिकों ने इस रहस्य को सुलझा लिया है।



### वैज्ञानिकों ने इकट्ठे किए नमूने

अमेरिकी वैज्ञानिकों की एक टीम ने नवंबर 2006 में और नवंबर 2018 में टेलर ग्लेशियर में से कुछ नमूने लिए थे। उन्होंने शक्तिशाली इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का प्रयोग करके इसका विश्लेषण किया। इसके बाद उन्हें सारा माजरा समझ में आ गया। अंटार्कटिका के ब्लड फॉल्स से रिसने वाले द्रव के रसायन और इसमें रहने वाले रोगाणुओं पर बहुत सारी रिसर्च की गई है। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के मैटेरियल्स साइंटिस्ट केन लिवी बताते हैं, 'जैसे ही मैंने माइक्रोस्कोप की तस्वीरों को देखा मैं हैरान रह गया। मैंने देखा कि ये छोटे नैनोस्फेयर थे और वे आयरन से परिपूर्ण थे।'

### ऐसे रेड कलर का हो जाता है पानी

नैनोस्फेयर यानी छोटे कण प्राचीन रोगाणुओं से आते हैं और इंसान की लाल रक्त कोशिकाओं के आकार के सौवें हिस्से के बराबर होते हैं। ये कण टेलर ग्लेशियर के पिघले पानी में अत्यधिक मात्रा में हैं। नैनोस्फेयर में सिलिकॉन, कैल्शियम, एल्युमीनियम और सोडियम भी होते हैं। यह अनोखी संरचना उस नमकीन पानी का हिस्सा है जो ग्लेशियर से फिसलकर ऑक्सीजन, सूरज की रोशनी और गर्मी की दुनिया से मिलते ही चमकदार, सबग्लेशियल पानी को लाल कर देती है।




Sach Bedhadak | SachBedhadak | Sach Bedhadak | sach_bedhadak



सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl